तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री

न्यूनतम 20.5 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, सोमवार 5 मई 2025

11 ट्रेनों में भीड़ कम करने वेटिंग टिकट पर सख्ती...



12 बूढ़ातालाब के नीलाभ गार्डन में 5 दिन से लाइट बंद...



# पीएससी ने पूछे- 'कांचा मा गुद गुद, पाका मा टांठ', 'हपटे बन के पथरा, फोरे घर के सील' के मायने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा रविवार को बॉयलर इंस्पेक्टर अर्थात वाष्पयंत्र निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। मजेदार बात यह रही कि पीएससी द्वारा इस भर्ती परीक्षा के लिए सिर्फ रायपुर में परीक्षा केंद्र बनाए गए। राजधानी में भी मात्र दो ही स्कूलों में यह भर्ती परीक्षा हुई। इसके पीछे कारण कम संख्या में आवेदन प्राप्त होना है। अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में पीएससी द्वारा सामान्यतः सभी जिला मुख्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाए जाते हैं। वाष्पयंत्र निरीक्षक भर्ती परीक्षा के लिए पीएससी ने 2024 में 21 अक्टूबर से आवेदन प्रारंभ किए थे। इसके लिए पीएससी को सिर्फ 767 आवेदन ही मिले। कम संख्या में आवेदन प्राप्त होने के अतिरिक्त परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों की संख्या भी अत्यंत कम रही। मात्र 26.08% अर्थात 200 छात्र ही परीक्षा दिलाने पहुंचे थे।

■ वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के अंतर्गत बॉयलर इंस्पेक्टर के पदों पर होगी भर्ती

रविवार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक एक पाली में यह परीक्षा हुई। व्यापम की तुलना में पीएससी की परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक होती है। विशेषज्ञों के अनुसार, केवल राजधानी में ही सेंटर रखे जाने के कारण दूसरे जिलों के परीक्षार्थियों ने इसमें शामिल होने में दिलचस्पी नहीं दिलाई। सभी जिला मुख्यालयों में परीक्षा केंद्र होने की स्थिति में उपस्थिति संख्या अपेक्षाकृत अधिक होती। सामान्य ज्ञान के अंतर्गत पूछे सवाल अत्यंत रोचक रहे। जबकि अन्य सवाल अपेक्षाकृत कठिन रहे।

### अब एक पद के पीछे 100 उम्मीदवार

दो पदों के लिए 767 आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में एक पद के पीछे 233 दावेदार थे। अब 200 अभ्यर्थियों के ही पहुंचने के कारण एक पद के लिए 100 दावेदार ही रह गए हैं। रायपुर में संजय नगर और शांति नगर स्थित शासकीय विद्यालय में केंद्र बनाए गए थे। कई कक्ष ऐसे भी रहे, जहां गिनती के ही कैंडिडेट्स बैठे थे। परीक्षार्थियों के लिए लगाई गई कुर्सियां खाली ही रह गईं। छात्रों के अनुपात में पर्यवेक्षक अधिक हो गए।

### 2 पदों के लिए 767 अर्जी, इनमें भी 74% नदारद, केंद्र सिर्फ रायपुर में



■ पीएससी द्वारा बीते वर्ष अक्टूबर में मंगाए गए थे आवेदन

### इस तरह के सवाल

- ■ कनिंघम के अनुसार भोरमदेव मंदिर किस देवता को समर्पित है?
- ■ सुग्गी किसे कहते हैं?
- ■ 1857 की क्रांति के दौरान सोनाखान किस जिले में था?
- ■ बीसू क्या है?
- ■ मदकू द्वीप को इतिहास एवं पुरातत्व के प्रकाश में लाने का श्रेय किसे जाता है?
- ■ रतनपुर कल्चुरियों की राजधानी कब बनी?
- ■ अकादसी अउ अनचिन्हार किताब के लेखक कौन हैं?
- ■ पाली के शिव मंदिर का निर्माण किसने करवाया?
- ■ 1905 में छग का कौन सा जिला पृथक होकर दूसरे प्रांत में चला गया?

▶▶ शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### दोहपहिया चोरी, नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार





रायपुर। तेलीबांधा और क्राइम ब्रांच पुलिस ने जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सक्रिय दोपहिया वाहन चोरी करने वाले एक नाबालिग सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने चोरी के तीन दोपहिया वाहन जब्त किए हैं। दोपहिया चोरी करने के आरोप में पुलिस ने सोमेश वैष्णव उर्फ सोनू तथा शेख मुस्ताक को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आया नाबालिग पूर्व में भी बाइक चोरी के आरोप में पकड़ा जा चुका है।

### सोशल मीडिया में अश्लील पोस्ट दो गिरफ्तार



रायपुर। खमतराई थाने की पुलिस ने सोशल मीडिया में अश्लील पोस्ट करने के आरोप में एक नाबालिग सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अश्लील पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने सुशांत कोले के साथ एक 16 वर्षीय किशोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आया किशोर अपने पिता का सिम कार्ड लेकर पड़ोसी के वाईफाई का पासवर्ड हासिल कर सोशल मीडिया में अश्लील पोस्ट करता था।

### ड्रंक एंड ड्राइव, नौ वाहन चालक दबोचे गए



रायपुर। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्ती बरतने ट्रैफिक के साथ पुलिस की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने श्रीराम मंदिर मार्ग, फुण्डहर चौक एवं एयरपोर्ट टर्निंग नवा रायपुर में वाहन चालकों की ब्रीथ एनालाइजर लगाकर जांच की। जांच में नौ वाहन चालक नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए। ट्रैफिक पुलिस नशेड़ी वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया कर रही है।

### सूने मकान में चोरी दो गिरफ्तार



रायपुर। सिविल लाइंस थाने की पुलिस ने सूने मकान में चोरी करने के आरोप में एक नाबालिग सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। चोरी के आरोप में पुलिस ने शातिर चोर पुष्पेंद्र देवांगन को गिरफ्तार किया है। मोहम्मद इब्राहिम की शिकायत पर पुलिस ने पुष्पेंद्र को गिरफ्तार किया है। इब्राहिम अपने रिश्तेदार के यहां पिछले महीने 24 अप्रैल से 29 अप्रैल के बीच शादी समारोह में शामिल होने गया था। इस दौरान पुष्पेंद्र ने अपने साथी के साथ मिलकर इब्राहिम के घर का ताला तोड़कर सोन-चांदी के जेवर सहित नकदी 90 हजार रुपए की चोरी की थी।

### छात्रों को फोन नंबर लिखी पर्ची ले जाने नहीं थी इजाजत, इसलिए बोर्ड पर ही चिपका दिए

# नीट एग्जाम में पाबंदियों से तंग परीक्षार्थी नाइट ड्रेस में ही पहुंच गए, कई नंगे पैर भी

*लोअर, टी-शर्ट तथा हवाई चप्पल में परीक्षा केंद्र पहुंचे अभ्यर्थी*

*रायपुर के 27 सेंटर में पहुंचे 9300 कैंडिडेट्स, प्रदेश में शामिल हुए 45 हजार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर


हरिभूमि लाइव

मेडिकल पाठ्यक्रमों के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षा नीट में बीते कई सालों से परीक्षा केंद्र में लंबी बांह के कपड़े पहनकर आने वाले विद्यार्थियों के कपड़े काटे जाने, जूते उतारे जाने सहित कई तरह के मामले सामने आते रहे हैं। कई तरह के प्रतिबंधों से त्रस्त छात्र रविवार को हुई परीक्षा में नाइट ड्रेस में ही पहुंच गए। अधिकतर अभ्यर्थी जिसमें लड़के और लड़कियां दोनों ही शामिल थे, लोअर-टी शर्ट, पैजामा और हवाई चप्पल में परीक्षा दिलाने पहुंचे। इसके कारण राजधानी के केंद्रों में परिधान के चलते छात्रों पर किसी तरह के एक्शन की कोई घटना सामने नहीं आई। रायपुर में बनाए गए 27 परीक्षा केंद्रों में से कुछ केंद्रों में 4-5 छात्र जूते पहनकर पहुंचे थे। विवाद ना हो, इसलिए इन छात्रों ने बाहर ही जूते निकाल दिए और नंगे पैर ही परीक्षा में बैठ गए।

अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड और पहचान पत्र के अलावा कोई भी कागज अंदर ले जाने की अनुमति नहीं थी। एक-दो विद्यार्थी अपने अभिभावकों के फोन नंबर कागज पर लिखकर लाए थे, ताकि परीक्षा खत्म होने के बाद घर फोन कर सकें। ये गुमे नहीं, इसलिए सामने रोल नंबर वाले नोटिस बोर्ड पर ही इसे चिपका दिया गया। छात्रों ने हाथों में मौली धागा और ताबीज पहना था। कैंची पकड़कर बैठे जांचकर्ताओं ने मौली धागा काटा। ताबीज गले से नहीं निकलने पर कुछ जगह इन्हें भी काटा गया।



**इस बार किसी भी प्राइवेट स्कूल या कॉलेज को नहीं बनाया गया था केंद्र**





### बायोमैट्रिक मैच नहीं छात्र ने लगाया मानसिक प्रताड़ना का आरोप

रायपुर में बनाए गए एग्जाम सेंटर में से एक केंद्र छग महाविद्यालय में बनाया गया था। यहां परीक्षा देने पहुंचे एक छात्र के बायोमैट्रिक मैच के दौरान आई दिक्कत को लेकर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया गया है। इसे लेकर सिविल लाइन थाने में शिकायत की गई है। छात्र का कहना है कि वह परीक्षा केंद्र में दोपहर 12.30 बजे पहुंच गया था। बायोमैट्रिक मैच नहीं होने के कारण उसे लगभग एक घंटे तक पृथक कक्ष में रखा गया। बाद में परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई। विद्यार्थी का आरोप है कि परीक्षा इस दौरान बीच-बीच में जांचकर्ता आकर उससे कहते रहे कि वह फर्जीवाड़ा कर रहा है। इससे परीक्षा पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सका। सिस्टम में आई खराबी के कारण उसे प्रताड़ित होना पड़ा।

### बीते वर्ष 51 प्रतिशत हुए थे क्वालिफाई



रायपुर में परीक्षा के लिए इस बार 27 केंद्र बनाए गए थे। इनमें केंद्रों में 9300 अभ्यर्थी शामिल हुए। छग के सभी जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेशभर से 45 हजार छात्रों ने यह परीक्षा दिलाई है। बीते वर्ष छत्तीसगढ़ के 43,873 छात्रों ने नीट दिलाई थी। इनमें से 22,344 ही क्वालिफाई कर सके थे। इस वर्ष बीते सत्र की तुलना में 1,200 अधिक छात्र परीक्षा में शामिल हुए।


### सभी सरकारी स्कूल और कॉलेज


नीट यूजी 2024 अपने नकल प्रकरण को लेकर भी चर्चा में रहा था। इस बार अतिरिक्त सावधानी बरतते हुए सभी परीक्षा केंद्र सरकारी स्कूलों और कॉलेजों में ही बनाए गए थे। किसी भी प्राइवेट स्कूल या कॉलेज में इस बार केंद्र नहीं बनाया गया था। सभी केंद्रों में जैमर लगे हुए थे। इसके अलावा सीबीएसई ने सीसीटीवी कैमरे से भी निगरानी की। प्रत्येक केंद्रों में सशस्त्र बल तैनात करने पूर्व में ही आदेश जारी हो चुका था।

### तीन चरणों में हुई जांच

अपने लिए निर्धारित सीट पर पहुंचने से पहले छात्रों को तीन चरणों के सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ा। मुख्य द्वार पर जांच के बाद अंदर बायोमैट्रिक्स जांच हुई। बायोमैट्रिक्स जांच के जरिए छात्रों के ऑनलाइन मौजूद आधार कार्ड से यह किया गया कि परीक्षार्थी फर्जी ना हो। तत्पश्चात कक्ष के प्रवेश द्वार पर छात्रों की जांच की गई। परीक्षा दिलाने पहुंचे विद्यार्थियों के अभिभावक परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटा बाद तक केंद्र के बाहर ही रहे, ताकि किसी तरह की दिक्कत होने पर अपने बच्चों की मदद कर सकें। परीक्षा 2 से 5 बजे तक हुई। 1.30 को ही मुख्य द्वार बंद कर दिए गए थे।

# सफारी में बाड़ा नहीं इसलिए एक दशक से तेंदुआ लकड़बग्घा नंदनवन में कैद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नंदनवन पक्षी विहार जू का लाइसेंस समाप्त होने के बाद वहां अलग से बाड़े में रहने वाले चार तेंदुआ तथा एक लकड़बग्घा को बंधक बनाकर रखने को लेकर वन्यजीव प्रेमियों ने आपत्ति जताई है। आपत्ति को लेकर वन अफसरों का कहना है, सफारी के रेस्क्यू सेंटर में घायल वन्यजीवों को रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने की वजह से सीजेडए से विशेष अनुमति लेकर तेंदुआ तथा लकड़बग्घे को नंदनवन पक्षी विहार में रखा गया है।

■ बाड़ों की कमी की वजह से हो रही परेशानी

सफारी प्रबंधन के अनुसार पांचों वन्य प्राणी जब नंदनवन चिड़ियाघर में लाये गए थे, तब नंदनवन को सीजेडए से पूर्ण कालिक चिड़ियाघर का दर्जा प्राप्त था। नंदनवन में घायल वन्य प्राणियों को रखने के लिए सीजेडए से अनुमति प्राप्त रेस्क्यू सेंटर का निर्माण किया गया था, जिसमें उपरोक्त वन्य प्राणियों को रखा गया ▶▶ शेष पेज 11 पर

### नंदनवन में रहने वाले वन्यजीवों की यह है स्थिति

नंदनवन पक्षी विहार में रेस्क्यू कर रखे गए वन्यजीवों की जानकारी इस प्रकार है-

- ■ 10 अक्टूबर 2012 को एक नर तेंदुआ (टेकराम) 12 वर्ष की उम्र में पिथौरा वन परिक्षेत्र से रेस्क्यू कर नंदनवन लाया गया था।
- ■ 15 अगस्त 2015 को मादा तेंदुआ रानी 4 वर्ष की उम्र में बागबहरा परिक्षेत्र से लायी गई थी जो अंधी है।
- ■ 4 अप्रैल 2019 को रायपुर मोहरेंगा वनक्षेत्र से एक नर तेंदुआ जिसकी उम्र लगभग 7 वर्ष थी, को रेस्क्यू कर नंदनवन लाया गया, जिसके ऊपर व नीचे के कैनाइन दांत टूटे हुए थे।
- ■ 16 दिसबर 2014 को बालोद परीक्षेत्र से एक नर तेंदुआ (नरसिम्हा) को 5 वर्ष की उम्र में नंदनवन लाया गया, जिसके ऊपर व नीचे के कैनाइन दांत टूटे हुए थे, सिर पर चोट के साथ आंख में ग्लूकोमा था।
- ■ जनवरी 2017 में कांकेर परिक्षेत्र से 1 मादा लकड़बग्घा को घायल अवस्था में नंदनवन लाया गया, जिसका एक पैर नहीं था।

# हवा की दिशा में बदलाव से मौसम में होगा सुधार, तापमान में भी बढ़ोतरी का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मई के प्रथम सप्ताह के मौसम को पूरी तरह बदलकर रख देने वाली हवा की दिशा में बदलाव होने से बादल-बारिश की गतिविधि में सुधार होने का अनुमान है। अगले चार दिनों तक अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसके बाद 9 मई से आने वाले नये सिस्टम की वजह से एक बार फिर बारिश की गतिविधि प्रदेश में शुरू हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार अभी राज्य में आने वाली हवा पर्याप्त मात्रा में बंगाल की खाड़ी से नमी लेकर आ रही थी। सोमवार से उसकी दिशा में बदलाव होने से नमी की मात्रा कम होगी, जिससे बिगड़े मौसम में सुधार होगा। अभी राज्य का सर्वाधिक तापमान 37 डिग्री तक लुढ़क चुका है, जिसमें बढ़ोतरी होने की गुंजाइश है, जिससे गर्मी में बढ़ोतरी होने के चांस हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि मौसम में 9 मई से पुनः बदलाव होने की संभावना है, क्योंकि बनने वाले सिस्टम से प्रदेश के कुछ शहरों में बारिश होने की संभावना बन रही है। वर्तमान में सक्रिय सिस्टम तगड़ा था, जिसकी वजह से प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर बारिश हुई थी। इसके अलावा जमकर अंधड़ चलने के साथ ओलावृष्टि भी हुई थी। आने वाला सिस्टम ▶▶ शेष पेज 11 पर

### 9 मई को आएगा नया सिस्टम, होगी पुनः वर्षा



**प्रमुख शहरों के तापमान**

| | |
|---|---|
| रायपुर | 37.2 |
| माना | 36.5 |
| बिलासपुर | 36.1 |
| पेंड्रा | 34.1 |
| अंबिकापुर | 33.6 |
| जगदलपुर | 30.2 |


# सिटी पार्क में फूंक दिए सात करोड़ से ज्यादा, पर 9 बरस से यह बियाबान जंगल और खंडहर जैसा ही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड स्थित दलदल सिवनी में साइंस सेंटर से लगी 84 एकड़ जमीन पर 9 साल में 10 करोड़ का सिटी पार्क नहीं बन पाया। नगरीय प्रशासन के तकनीकी प्रकोष्ठ ने 2016 में इस प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी ली थी। अफसरों ने दावा किया कि खुले क्षेत्र में हरे-भरे पेड़ पौधों के बीच जंगल और झील का अहसास कराने के साथ ही स्वस्थ मनोरंजन के लिए एक सुंदर पिकनिक स्पॉट तैयार होगा। इससे 3 लाख आबादी को राहत मिलेगी। यह दावा पूरी तरफ फिस्स हो गया। हालत ये है कि 9 साल बाद भी सिटी पार्क का सन्नाटा नहीं टूटा है।

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र के दलदल सिवनी में सिटी पार्क का प्रोजेक्ट फिस्स हो गया है। हरे-भरे पेड़ पौधों के बीच प्राकृतिक वातावरण के बीच कृत्रिम झरना तैयार कर आगंतुकों को नौकाविहार की सुविधा देने, रंगीन फौवारे के जगमग रोशनी ▶▶ शेष पेज 11 पर

**आधे अधूरे सिटी पार्क की अनदेखी निगम प्रशासन भी बेसुध**



### एकतरफा हैंडओवर

रायपुर सिटी पार्क प्रोजेक्ट की बची हुई राशि निगम को मिलनी थी, पर यह राशि वन विभाग को देकर एकतरफा हैंडओवर निगम को किया है। अब नगर निगम को ही इसकी देखरेख और सुव्यवस्थित करने की जिम्मेदारी है।

\- **संतोष पांडे,** कमिश्नर जोन क्रमांक 9, नगर निगम रायपुर

### एक साल में पूरा करना था काम

अनुबंधित एजेंसी को एक साल की समय अवधि में सिटी पार्क तैयार करना था। काम में लेटलतीफी की वजह से सूडा के अफसरों ने ठेकेदार को पेनाल्टी भी लगाई। ठेकेदार ने खुद काम करने के बजाय पेटी कांट्रेक्टरों को काम सौंप दिया। इस वजह से निर्माण कार्य पर इसका असर पड़ा। प्रोजेक्ट में फूड जोन, साइकिल ट्रैक, नौका विहार और रंगीन फौवारा लगाना था, पर न तो स्पॉट पर झील बनाई जा सकी और न ही फूड जोन और साइकिल ट्रैक की सुविधा मिल पायी।

▶▶ शेष पेज 11 पर

*मामला सुकमा जिले में राशि वितरण में अनियमितता का*

# तेंदूपत्ता राशि वितरण घोटाला, 11 समितियों ने राशि दबाई, डीएफओ सस्पेंड, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तेन्दूपत्ता संग्राहकों को दी जाने वाली प्रोत्साहन पारिश्रमिक राशि के वितरण में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर शासन द्वारा सुकमा जिले में कड़ी कार्रवाई की गयी है। जिला वनमंडलाधिकारी सुकमा को निलंबित कर दिया गया है। एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा उनके विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही वितरण कार्य में लापरवाही बरतने वाली 11 प्राथमिक वनोपज समितियों के प्रबंधकों को कार्य से पृथक कर दिया गया है तथा उन समितियों के संचालक मंडलों को भंग कर दिया गया है। संबंधित नोडल अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ की जा चुकी है। जिला यूनियन सुकमा अंतर्गत सीजन वर्ष 2021 के लिए 31,356 संग्राहकों को 4.53 करोड़ तथा वर्ष ▶▶ शेष पेज 11 पर

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# सांसद पांडेय ने कहा- एक राष्ट्र एक चुनाव में भी हम अब सफल होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय विचार मंच के एक राष्ट्र एक चुनाव पर विचार संगोष्ठी में सांसद संतोष पांडेय ने कहा, एक राष्ट्र एक चुनाव में भी हम सफल होंगे। अब समय है कि हमें चुनाव में सुधार की आवश्यकता है। देश के सभी सुधारों के लिए काम करने का साहसिक निर्णय लेने की क्षमता यदि किसी ने दिखाई, तो वह हमारी सरकार ने दिखाई। श्री पांडेय ने कहा, हमारे देश के संसाधनों का कैफियत से उपयोग कर राष्ट्र के हित में धन और समय की बचत करना और साथ ही व्यवस्थाओं में समय बचाकर उसका उपयोग राष्ट्र निर्माण और विकास योजनाओं के लिए किया जाएगा जिससे भारत उत्तरोत्तर प्रगति कर अपने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगा।

रायपुर नगर निगम महापौर मीनल चौबे ने कहा, हम सभी भाजपा के जनप्रतिनिधि एक राष्ट्र एक चुनाव करवाने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। हमने सामान्य सभा में यह विषय रखा था जिससे सभी प्रकार के विचार खुल के आ सके और हम उसे राष्ट्रीय स्तर पर प्रसारित कर एक राष्ट्र एक चुनाव पर सुझाव और त्रुटियों को दूर कर सभी की सहभागिता और सहयोग से एक राष्ट्र एक चुनाव के मसौदे को लागू किया जा सके।

## राष्ट्रीय विचार मंच की एक राष्ट्र एक चुनाव पर संगोष्ठी



### समय और व्यय की होगी बचत : राजेश मूणत

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने एक राष्ट्र एक चुनाव पर कहा, हर वर्ष किसी न किसी प्रकार के चुनाव जनता के बीच होते रहते हैं जिसको लेकर विभिन्न शासकीय कर्मचारियों को जिम्मेदारियों के लिए लगाना विभिन्न तैयारियां करना साथ ही समय और धन व्यय करना यह राष्ट्र विकास में बाधक होता है और इसलिए इसे राष्ट्र विचार बनाना आवश्यक है। एक साथ चुनाव होने से समय और खर्च दोनों की बचत होगी। विधि और संविधान संबंधी विशेषज्ञ भूपेंद्र करवंडे ने कहा, यह इतना आसान कार्य नहीं की चर्चा से ही यह संभव हो जाए। इसके लिए हमें बहुत सारे संशोधन और व्यवस्थाओं को लागू कर एक राष्ट्र एक चुनाव की परिकल्पना पर कार्य करना होगा।

## खबर संक्षेप

### संजय श्रीवास्तव बोले- कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ महतारी का किया अपमान

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस के उस 'एक्स' ट्वीट पर कड़ा एतराज जताया है, जिसमें छत्तीसगढ़ महतारी के आगे किसी को 'बाप' बताया गया है। उनका कहना है कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ महतारी का अपमान करने का काम किया है। कांग्रेसियों को पहले इस सवाल का जवाब प्रदेश को देना चाहिए कि छत्तीसगढ़ महतारी और छत्तीसगढ़ की जनता का ऐसा घोर अपमान करने का यह दुस्साहस कांग्रेस ने कैसे किया। कांग्रेस को अपने इस ट्वीट के लिए प्रदेश से निःशर्त क्षमायाचना करनी चाहिए।



### युकां राष्ट्रीय अध्यक्ष कल छग दौरे पर



**रायपुर।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब 6 मई को छत्तीसगढ़ के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष बिलाईगढ़ में आयोजित 'जाति जनगणना हेतु धन्यवाद राहुल' कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद महासमुंद में आयोजित युवा आक्रोश मशाल रैली में शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस भवन में रायपुर शहर जिला युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा, एनएसयूआई राष्ट्रीय सचिव हनी बग्गा, आदिल आलम खैरानी, विनोद कश्यप सहित प्रदेश पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### मोवा में विकास कार्यों के लिए किया भूमिपूजन



**रायपुर।** ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र मोवा मंडल के नगर निगम रायपुर जोन 9 अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 में रविवार को 2 करोड़ 87 लाख रुपए से स्वीकृत विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। यह भूमिपूजन विधायक मोतीलाल साहू ने किया। इस अवसर पर महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, एमआईसी के सदस्य खेम सेन, जोन क्रमांक 9 के अध्यक्ष गोपेश साहू, वार्ड 10 एवं 11 के पार्षद देवदत्त द्विवेदी एवं मोहन साहू, मंडल में मंत्री शुभ्रा नामदेव, आरिफ सिद्दीकी, मोबिन खान, महेश नामदेव, डोमार नामदेव, छेदु वर्मा, कमलेश शर्मा आदि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### तेंदूपत्ता प्रोत्साहन पारिश्रमिक वितरण पर संग्राहकों को मिलेगा न्याय

**रायपुर।** तेंदूपत्ता बोनस वितरण को लेकर उठे विवाद पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने विपक्ष के आरोपों को नकारते हुए सरकार की तत्परता और पारदर्शिता की सराहना की है। उन्होंने कहा, आरोप लगाना आसान है, लेकिन तथ्यों की जांच करना जरूरी होता है। उन्होंने कहा, कांग्रेस नेता चरणदास महंत द्वारा लगाए गए 8 करोड़ के गबन के आरोपों की जांच खुद सरकार के निर्देश पर की जा रही है। ऐसा पहली बार ऐसा हुआ कि गड़बड़ी सामने आते ही जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई हुई। मामले में वनमंडलाधिकारी सुकमा को निलंबित कर गिरफ्तार किया गया, 11 समितियों के प्रबंधकों को कार्य से हटाया गया और संचालन मंडल भंग किया गया। यह सब सरकार की इच्छाशक्ति और ईमानदारी का प्रमाण है। नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत को सच्चाई हज़म नहीं हो रही, सरकार की पारदर्शिता पर सवाल उठाकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। अगर सरकार ने कार्रवाई नहीं की होती, तो ये मामला दबा रह जाता।



## 5-6 मई को प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला नगर सुराज संगम

# डिप्टी सीएम निकायों के जनप्रतिनिधियों के साथ दो दिन करेंगे मंथन, बनेगी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव प्रदेशभर के नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ दो दिनों तक मंथन करेंगे। वे इस दौरान प्रत्येक नगरीय निकाय की आगामी पांच वर्षों की कार्ययोजना पर महापौर, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष तथा निकाय के अन्य जनप्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। इस दौरान अगले पांच साल के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी।

- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय समापन सत्र में होंगे शामिल

### पांच साल की बनेगी कार्ययोजना

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने महापौरों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षों को संबोधित करते हुए पत्र में लिखा है कि हमारे संकल्पों के सोपान में एक पहल के रूप में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा राज्य शहरी विकास अभिकरण की विभिन्न योजनाओं एवं अधिनियमों के महत्वपूर्ण प्रावधानों, कामकाज तथा हमारी सरकार की शहर के व्यवस्थित विकास के लिए आगामी पांच वर्षों की कार्ययोजना पर विस्तृत परिचर्चा की जाएगी।



### नगर सुराज संगम

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के लिए राजधानी रायपुर के होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में 5 मई और 6 मई को दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम-सह-कार्यशाला नगर सुराज संगम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रदेश के सभी नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 6 मई को कार्यशाला के समापन सत्र को संबोधित करेंगे। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने प्रदेश के सभी नगर निगमों के महापौरों तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षों को पत्र लिखकर नगर सुराज संगम के लिए आमंत्रित किया है। वे 5 मई को सुबह 11 बजे दो दिवसीय इस आयोजन का शुभारंभ करेंगे।

### जन प्रतिनिधियों से होगा सीधा संवाद

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने बताया कि उप मुख्यमंत्री तथा विभागीय मंत्री श्री अरुण साव कार्यशाला में नगरीय निकायों के महापौरों, सभापतियों, महापौर परिषद के सदस्यों, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्षों से सीधा संवाद करेंगे। वे इस दौरान नगरीय निकायों की आगामी पांच वर्षों की कार्ययोजना पर भी चर्चा करेंगे। प्रबोधन-सह-कार्यशाला में नगरीय निकायों के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को नगरीय प्रशासन विभाग और राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) की योजनाओं, कार्यों तथा विभिन्न अधिनियमों के महत्वपूर्ण प्रावधानों की जानकारी दी जाएगी। शहरों के व्यवस्थित विकास के लिए अगले पांच वर्षों की कार्ययोजना पर भी विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि उप मुख्यमंत्री श्री साव के निर्देश पर नगरीय प्रशासन विभाग एवं राज्य शहरी विकास अभिकरण की योजनाओं पर विभाग द्वारा मार्गदर्शिका का प्रकाशन किया गया है। श्री साव शुभारंभ सत्र में इस मार्गदर्शिका बुकलेट का विमोचन करेंगे।

# जांच समिति ने राशन दुकानों में बचत और बाजार से खरीदी गई चावल की जानकारी मांगी

## राशन घोटाला, विधानसभा जांच समिति ने दो बिंदु पर मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

करोड़ों रुपए के राशन घोटाले की जांच कर रही विधानसभा की जांच समिति ने खाद्य संचालनालय से प्रदेश की राशन दुकानों में 2022 से लेकर 2024 और वर्तमान में कराए गए भौतिक सत्यापन में बचत और बाजार से खरीदे गए चावल की जानकारी मांगी है। जिले के खाद्य अधिकारियों को दोनों जानकारी जिलेवार देने के लिए कहा गया है। जांच समिति द्वारा जानकारी मांगे जाने से अफसरों में हड़कंप मच गया है।

खाद्य संचालनालय के अनुसार हर साल भौतिक सत्यापन कराए जाने के निर्देश हैं। जांच समिति ने वर्ष 2022, 2023, 2024 और वर्तमान में कराए गए भौतिक सत्यापन में पाई गई मात्रा की जिलेवार, दुकानवार जानकारी मांगी है। बताया जाता है कि 48 लाख मीट्रिक टन चावल 2022 में गायब पाया गया था। इसको दबाने के लिए तकनीकी त्रुटि, नियम विपरीत बिना प्रकरण बनाए राजस्व वसूली और बाजार से चावल खरीद कर रखवाने का भी खेल खाद्य संचालनालय के एक अपर संचालक द्वारा कराया गया है। मामले में खाद्य संचालनालय का एनआईसी विभाग भी संदेह के घेरे में है। खाद्य संचालनालय के सूत्रों ने बताया कि पिछले साल तक भौतिक सत्यापन में तकनीकी त्रुटि का विकल्प था, जिसके कारण कम पाए गए चावल की मात्रा समायोजित हो जाती थी।




### मौके पर जाकर जांच में भारी गड़बड़ी

खाद्य मंत्रालय के सचिव ने इस बार भी भौतिक सत्यापन के निर्देश जारी किए हैं। भौतिक सत्यापन में तकनीकी त्रुटि का विकल्प ही नहीं है। पिछले साल के भौतिक सत्यापन में बिना राशन दुकान जाए दुकानदार से लिखवा कर सत्यापन कर लिया जाता था। इस बार फूड इंस्पेक्टर का आधार राशन दुकान से लिंक कर दिया गया है। इसके चलते मौके पर जाकर जांच होने से भारी पैमाने पर गड़बड़ी सामने आ रही है।

### इनके लिए जा सकते हैं बयान

राशन घोटाले के लिए जांच कर रही समिति में शीघ्र ही खाद्य संचालनालय के तत्कालीन संचालक, अपर संचालक, एनआईसी के अधिकारी, प्रोग्रामर सहित खाद्य विभाग के अधिकारी, इंस्पेक्टर सहित राशन दुकानदारों को भी बयान के लिए बुलाया जाना संभावित है।

### 15 मई को होगी बैठक

जांच समिति की पिछले माह हुई बैठक में अब तक विभाग द्वारा दी गई जानकारी का अध्ययन करने के बाद विधानसभा जांच समिति ने खाद्य संचालनालय से दो बिंदु पर जानकारी मांगी है। उन्हें मई के पहले सप्ताह तक जानकारी देने कहा गया है। समिति की अगली बैठक 15 मई को निर्धारित की गई है। जानकारी आने के बाद समिति किसी नतीजे पर पहुंचेगी।

# बृजमोहन का मुख्यमंत्री को पत्र, मरीजों को मिल रही सिर्फ 'तारीख पर तारीख'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के एकमात्र शासकीय हृदय रोग संस्थान एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट, मेकाहारा रायपुर में बायपास और ओपन हार्ट सर्जरी की सेवाएं लंबे समय से बंद हैं। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को पत्र लिखकर इन सेवाओं को तत्काल बहाल करने की मांग की है। सांसद का कहना है, मरीजों को मिल रही सिर्फ 'तारीख पर तारीख'।



- मेकाहारा में बायपास और ओपन हार्ट सर्जरी की सेवाएं लंबे समय से बंद होने का मामला

श्री अग्रवाल ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि यह अत्यंत दुःख का विषय है कि समय-समय पर निर्देश और प्रयासों के बावजूद इस महत्वपूर्ण संस्थान में सर्जरी की सेवाएं बंद पड़ी हैं। जिसके कारण प्रदेश की गरीब जनता जीवनरक्षक उपचार से वंचित रह रही है और निजी अस्पतालों की लूट का शिकार होने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा, पूर्व में स्वशासी परिषद की बैठकों सहित कई मंचों पर इस गंभीर विषय की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया था, लेकिन प्रशासनिक उपेक्षा के चलते आज भी मरीजों को केवल तारीख पर तारीख दी जा रही है। कई मरीज इलाज के अभाव में दम तोड़ रहे हैं, वहीं कुछ गरीब परिवार इलाज के लिए अपना सब कुछ बेच देने को विवश हैं।

श्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि इस विषय पर वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक आयोजित कर अविलंब निर्णय लिया जाए, ताकि मेकाहारा रायपुर स्थित कार्डियक इंस्टिट्यूट में गरीब जनता को आवश्यक सर्जरी सुविधा उपलब्ध कराई जा सके और उन्हें जीवनदान मिल सके।

# एआईसीसी ने कहा- सभी पीसीसी संविधान बचाओ रैली में जाति जनगणना का मुद्दा उठाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने सभी प्रदेश कांग्रेस कमेटियों से जाति आधारित जनगणना के मुद्दे को योजना बद्ध तरीके से उठाने के निर्देश दिए हैं। इसे लेकर संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल राव ने पत्र जारी किया है। इसमें ऑन ग्राउंड से लेकर सोशल मीडिया स्तर तक की कार्ययोजना और रणनीति स्पष्ट की गई है।

- कांग्रेस के संगठन महासचिव ने जारी किया पत्र

एआईसीसी महासचिव और सांसद केसी वेणुगोपाल ने सभी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्षों और कांग्रेस विधायक दल के नेताओं को जातिगत जनगणना को लेकर सीडब्ल्यूसी में पारित प्रस्ताव की जानकारी दी। सभी पीसीसी को संविधान बचाव रैली में जाति जनगणना के मुद्दे को प्रमुखता से उठाने के निर्देश दिए गए हैं। जारी परिपत्र में बताया गया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस विषय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर यह मांग दोहराई थी। राहुल गांधी इस मुद्दे पर सबसे मुखर और दृढ़ आवाज रहे हैं, जिन्होंने बार-बार कहा है कि सामाजिक न्याय के लिए जाति जनगणना आवश्यक है। कांग्रेस ने सभी प्रदेश कांग्रेस समितियों से कहा है कि राज्य और जिला स्तर पर निगरानी टीम और पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएं।



### बीजेपी की जाति गणना विरोधी नीति को उजागर करें

30 मई तक हर विधानसभा क्षेत्र में चौपालें, रैलियां और घर-घर संपर्क अभियान चलाए जाएंगे, जिनमें सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, वकीलों, दुकानदारों और एसएचजी सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करें। इसमें कांग्रेस की भूमिका और राहुल गांधी के नेतृत्व को जनता तक पहुचाएं। साथ ही, बीजेपी की जाति गणना विरोधी नीतियों को उजागर करें।

### सोशल मीडिया को लेकर रणनीति

हर विधानसभा क्षेत्र में प्रेस कॉन्फ्रेंस और मीडिया ब्रीफिंग की जाए, जिसकी जिम्मेदारी संचार विभाग की हो। सोशल मीडिया पर पार्टी कार्यकर्ता, युवा नेता और प्रतिनिधि एक्टिव रहें और कांग्रेस की जाति जनगणना की मांग, राहुल गांधी के नेतृत्व, और बीजेपी की वंचित विरोधी नीतियों को उजागर करें। यह पूरा अभियान एक संगठित और समर्पित रणनीति के तहत चलाया जाए और हर गतिविधि की साप्ताहिक रिपोर्ट एआईसीसी को भेजी जाए।

### घर-घर जाकर जागरूकता फैलाएंगे कार्यकर्ता

बता दें कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित संविधान बचाओ रैली अभियान की छत्तीसगढ़ में 8 मई को बिलासपुर से शुरुआत होगी। प्रदेश स्तरीय रैली के बाद सभी जिला मुख्यालयों और विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली निकाली जाएगी, जिसमें कांग्रेसी कार्यकर्ता घर-घर तक संविधान बचाओ अभियान पर जागरूकता फैलाएंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि बीते दिन बिलासपुर में स्वास्थ्य न्याय यात्रा निकाली गई जो सफल रही। अब कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान को घर-घर लेकर जाएगी।

# 6 साल से व्यायाम शिक्षकों की भर्ती नहीं, अभ्यर्थी परेशान, भर्ती की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा व्यायाम प्रशिक्षित संघ ने मुख्यमंत्री विषणुदेव साय से प्रदेश के स्कूलों में व्यायाम शिक्षकों के पद पर भर्ती की मांग की है। संघ के अध्यक्ष हेमंत सार्वा ने कहा है कि प्रदेश के हाई स्कूलों में 2 हजार पद व्यायाम शिक्षकों के रिक्त हैं। इन पदों पर जल्द भर्ती की जाये। उनका ये भी कहना है पिछले 6 साल से व्यायाम शिक्षकों की शिक्षक भर्ती में एक भी पद शामिल नहीं किया गया। इससे बहुत से अभ्यर्थी बढ़ती उम्र के साथ अपात्र हो गए। इससे पात्र अभ्यर्थियों का मनोबल प्रभावित हो रहा है।

छत्तीसगढ़ शारीरिक शिक्षा व्यायाम प्रशिक्षित संघ के अध्यक्ष ने बताया कि नयी शिक्षा नीति 2020 के तहत केंद्र सरकार ने शारीरिक शिक्षा- व्यायाम को एक विषय के रूप में शामिल है। साथ ही स्कूलों में व्यायाम शिक्षकों को अनिवार्य किया है, व्यायाम शिक्षकों की कमी से छत्तीसगढ़ में खिलाड़ियों में खेलों का स्तर प्रभावित हुआ है। ऐसे में व्यायाम शिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती की जाये।




- शारीरिक शिक्षा व्यायाम प्रशिक्षित संघ ने कहा प्रदेश के हाई स्कूलों में 2 हजार पद व्यायाम शिक्षक के रिक्त
- नई शिक्षा नीति में व्यायाम को विषय के रूप में किया है शामिल


विदित हो कि हाल ही में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात कर अपनी समस्या से अवगत कराया। डॉ. रमन सिंह ने संघ की बातों को जायज बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर व्यायाम शिक्षकों की भर्ती को अनिवार्य करने को कहा।

# अंधड़ और बारिश के चलते फसल और सब्जियों को नुकसान, आकलन में देर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में पश्चिमी की वजह से अंधड़ और बारिश के चलते धान, मूंग और सब्जी का फसल लगाने वाले किसानों को नुकसान हुआ है। मौसम की वजह से होने वाले नुकसान का आकलन तत्काल कराने का नियम है। प्रदेश में पूरा शासकीय अमला सुशासन तिहार में लगे होने के कारण नुकसान का आकलन नहीं होने से किसानों में मायूसी छायी है। 5 से 31 मई तक सुशासन तिहार का समाधान शिविर को देखते हुए सभी जिलों में शासकीय अमला तैयारी में जुटा है। बताया जाता है कि कृषि और राजस्व विभाग के द्वारा आकलन कर इसका अनुमान लगाया जाता है। कई जिलों में गर्मी के धान की फसल ली जा रही है। अंधड1 के चलते धानी की बाली टूटने से किसानों को भारी नुकसान होने का अनुमान है। वहीं तेज बारिश की वजह से मूंग के फसल को काफभ् नुकसान पहुंचा है।

- सुशासन तिहार के कारण आकलन में देर, कई जिलों में किसानों को नुकसान



### 29 जिलों उपार्जन केंद्रों में नहीं उठा धान

प्रदेश में धान खरीदी जनवरी माह में पूरा होने के बाद अभी भी 29 जिलों उपार्जन केंद्रों में 1.27 लाख टन धान का उठाव नहीं हो पाया है। धान को वहां पर कैप कव्हर से ढककर रखा गया है। अंधड़ और बारिश के कारण कई उपार्जन केंद्रों में धान में नमी की मात्रा देखने में आ रही है। कुछ उपार्जन केंद्रों में पानी की निकासी को ठीक कर उसे भीगने से बचाने का दावा मार्कफेड कर रहा है। उनका कहना है कि अधिकांश धान उठाकर संग्रहण केंद्रों में रखा जा चुका है। जांजगीर-चांपा, धमतरी, सरगुजा और कोरिया जिलों में धान पूरी तरह से उठा लिया गया है। जिन उपार्जन केंद्रों में धान बचा है, उसे उठाने के प्रयास जारी हैं।

## विवि ने शनिवार को जारी की थी समय-सारिणी, थोक में गड़बड़ियां

# रविवि भूल गया एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर का टाइम टेबल जारी करना, बीकॉम का विषय ही बदल दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा आयोजित की जाने वाली वार्षिक और सेमेस्टर परीक्षाओं में गड़बड़ियां अब आम बात होती जा रही हैं। वार्षिक परीक्षाओं की समय-सारिणी में हुई गड़बड़ी के बाद अब सेमेस्टर परीक्षाओं में भी गड़बड़ी हुई है। विवि ने सभी सेमेस्टर कक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी, लेकिन वह एमकॉम दूसरे सेमेस्टर को भूल गया। टाइम-टेबल अपलोड होने के बाद एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थी पूरे समय अपनी कक्षा की परीक्षा तिथि ढूंढते रहे, लेकिन वह नहीं मिल सका। रविवि की गलतियां यहीं नहीं थमी। बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर के डिसिप्लिन कोर्स के स्थान पर प्रथम सेमेस्टर के डिसिप्लिन कोर्स के विषय को लिख दिया गया है। अब महाविद्यालय अपना सिर पकड़कर बैठ गए हैं। रविवार को अवकाश होने के कारण अब उन्होंने सोमवार को विवि को खत लिखकर गड़बड़ियों से अवगत कराने और सुधार की मांग करने का फैसला लिया है। गौरतलब है कि रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं 19 मई से प्रारंभ हो रही है, जो 30 जून तक चलेगी।

### खत्म हुई विचार-विमर्श प्रथा

समय-सारिणी में लगातार हो रही गड़बड़ी का कारण विचार-विमर्श की प्रथा को खत्म करना है। पूर्व में रविवि टाइम-टेबल जारी करने के पहले महाविद्यालयों के प्राचार्यों को प्रेषित कर समीक्षा मांगता था। सालभर से ये सिस्टम बंद हो गया है।

**- डॉ.देवाशीष मुखर्जी**, प्राचार्य, महंत कॉलेज

### पढ़ाई भारतीय अर्थव्यवस्था की, परीक्षा देंगे विश्व की!

कॉमर्स के जनरल इलेक्टिव विषय में भी त्रुटि है। जैसे बेसिक्स ऑफ इंडियन इकोनॉमी (द्वितीय सेमेस्टर के विषय) के स्थान पर बेसिक्स ऑफ इकोनॉमिक्स (प्रथम सेमेस्टर के विषय) हैं। बेसिक्स ऑफ इंडियन इकोनॉमी में भारत की अर्थव्यवस्था का अध्ययन किया जाता है, जबकि मात्र बेसिक्स ऑफ इकोनॉमिक्स के अंतर्गत पाठ्य सामग्री पृथक होती है। समय-सारिणी को लेकर बीबीए अंतिम सेमेस्टर के छात्र भी परेशान हैं। बीबीए छठवें सेमेस्टर की परीक्षा 20 जून से 30 जून तक है, जबकि अंतिम सेमेस्ट के विद्यार्थी को एमबीए में एडमिशन लेना होता है, इसलिए वे परीक्षा मई अंत अथवा जून के प्रथम पखवाड़े में लेने की मांग कर रहे हैं।

# सुशासन तिहार में 19 हजार से ज्यादा मांग और शिकायतें, 10 स्थानों पर आज से समस्या समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुशासन तिहार 2025 में नगर निगम के 10 जोन स्थित 70 वार्डों में लगाये गये शिविर में 19 हजार से ज्यादा मांगें और शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इसमें सबसे ज्यादा आवेदन 17,119 मांग के और 2478 शिकायतें दर्ज की गईं। 5 मई से 31 मई तक शहर के 10 सार्वजनिक स्थानों पर आम जनता की सुविधा के लिए समाधान शिविर आयोजित है। इस शिविर में आवेदकों की मांग और शिकायतों के समाधान के कार्यवाही की जानकारी समाधान शिविर में निगम के संबंधित अधिकारी द्वारा दी जायेगी।

## सबसे ज्यादा आवेदन 17,119 मांग के और 2478 शिकायतें दर्ज की गईं




### जोनवार इन स्थानों पर समाधान शिविर

- जोन 1 के तहत 10 मई को दही हांडी मैदान गुढ़ियारी
- जोन 2 के तहत 7 मई को शहीद स्मारक भवन जीई रोड
- जोन 3 क्षेत्र के लिए 13 मई को बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर
- जोन 4 15 मई सरदार बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम बूढ़ापारा
- जोन 5- 19 मई डीडी नगर सामुदायिक भवन सेक्टर 2
- जोन 6 - 20 मई शहीद संजय यादव उच्चतर माध्यमिक शला टिकरापारा
- जोन 7 - 23 मई पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम जीई रोड
- जोन 8 - 27 मई सामुदायिक भवन भारतमाला स्कूल के सामने टाटीबंध
- जोन 9 - 28 मई इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय कम्युनिटी हॉल जोरा
- जोन 10 - 30 मई सामुदायिक भवन गुरुद्वारा देवपुरी

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आदेश पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव के निर्देश पर महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर, निगम आयुक्त विश्वदीप के मार्गदर्शन में यह शिविर 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक लगाया गया। दूसरे चरण में करीब 1 माह के भीतर प्रथम चरण में प्राप्त मांग और शिकायतों के निराकरण की कार्यवाही नगर निगम के 10 जोन द्वारा की गई। 5 मई से अब समाधान शिविर लगाया जायेगा, जो कि 31 मई तक चलेगा।

## खबर संक्षेप



### क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ प्रांत की योजना बैठक कई मुद्दों पर की चर्च

रायपुर। विधानसभा रोड स्थित लेवल 3 होटल में क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ प्रांत की योजना बैठक हुई। जिसमे 23 जिलों से 65 लोग शामिल हुए। बैठक में छत्तीसगढ़ प्रांत एवं महाकौशल प्रांत प्रभारी कौशलेन्द्र पटेल ने विषय लिया, जिसमें 2 महत्वपूर्ण विषय निम्न है जिसमें आने वाले भविष्य में आने वाले समय के लिए खेल नीति को लेकर महत्वपूर्ण कार्य करना, आने वाले समय मे 2036 में भारत मे होने वाले ओलंपिक खेलों में कबड्डी को शामिल करवाने पर कार्य करना जैसा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रयास है। अन्य विषयों में खेल संवाद का आयोजन विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजन करना। बैठक में छत्तीसगढ़ क्रीड़ा भारती की उपाध्यक्ष नीता डूमरे ने पंच परिवर्तन के बारे में जानकारी दी। बैठक में सुमित उपाध्याय , संजय शर्मा, गोपेश्वर कहरा, विनोद नायर, संतोष वाजपेयी, तारनिस गौतम, हर्षा साहू, छगन लाल सोनवानी, सौरभ सोनी, तारकेश मिश्रा, सतीश यादव, खिलाड़ी कविता दीक्षित एवं 22 जिलो के अध्यक्ष एवं मंत्री उपस्थित थे।

### आसामाजिक लोगों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक और विधायक को ज्ञापन सौंपा



रायपुर। जय बूढ़ी मां गांड़ा महासभा के महिला नारी शक्ति ने सरोना बीएसयूपी कॉलोनी के आसामाजिक लोगों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक और विधायक राजेश मूणत को ज्ञापन सौंपा। साथ ही कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। इस मौके पर जय बूढ़ी मा गांडा महासभा परिवार एवं नारी शक्ति महिला जिला अध्यक्ष रोशनी बाघ ने ज्ञापन में बताया कि, वार्ड क्रमांक 70 के बीएसयूपी कॉलोनी सरोना में गांड़ा समाज एक परिवार में 1 मई को शादी समारोह का कार्यक्रम चल रहा था, उसी रात 8 बजे पुरानी रंजिस को लेकर कुछ बदमाश लोग अपशब्द कह रहे थे, यही के निवासी रुकमणी बारीक ने मना किया तो उसे पत्थर फेककर मारना शुरू कर दिए, इससे झगड़ा और ज्यादा बढ़ गया, इसके बाद आसामाजिक लोगों ने रुकमंडी बारीक को जान से मरने की कोशिश किया, जिससे उनके आंख के ऊपर के हिस्से में गहरा चोट लगा गया। इस घटना की सूचना स्थानीय थाना में दिया गया है फिर भी अब तक कोई कार्यवाही एवं एफआईआर भी नहीं हुआ। जिस पर विधायक और एसपी ने कानूनी कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया। ज्ञापन सौपने वालों में शंकर तांडी, बीएसयूपी कॉलोनी सरोना के सभी माता और बहने एवं वरिष्ठ लोगों उपस्थित थे।

### गोपेश साहू ने संभाला जोन अध्यक्ष का पदभार



रायपुर। नगर निगम जोन 9 कार्यालय में गोपेश साहू ने जोन अध्यक्ष का पदभार संभाला। मोवा स्थित जोन 9 कार्यालय में गोपेश को जोन अध्यक्ष पदभार संभालने पर महापौर मीनल चौबे ने गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। अध्यक्षीय कार्यालय में श्री साहू को बधाई देने रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर ग्रामीण क्षेत्र विधायक मोतीलाल साहू , धरसींवा के पूर्व विधायक देवजी पटेल, रायपुर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल, खेमकुमार सेन, पार्षद पुष्पा-रोहित साहू आदि ने बधाई दी।

## लंबी दूरी की दर्जनों ट्रेनें रद्द, देशभर में वेटिंग यात्रियों पर सख्ती से बढ़ी हलचल

# ट्रेनों में भीड़ कम करने वेटिंग टिकट पर सख्ती : आरक्षित कोच में चढ़ने से टीटीई यात्री को दिखा रहे जनरल का रास्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शादी सीजन और गर्मियों की छुट्टियों में यात्रियों को ट्रेन रद्द के बीच रेलवे के सख्त नियमों का सामना करना पड़ रहा है। रायपुर से गुजरने वाली लंबी दूरी की दर्जनों ट्रेनों के रद्द होने से हजारों यात्री परेशान हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे समेत देश के कई जोन और मंडलों में ट्रेनों के अस्थायी रद्द ने यात्रा को चुनौती बना दिया है। इस बीच रेलवे ने वेटिंग टिकट वालों पर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। ट्रेनों में वेटिंग टिकट यात्रियों की निगरानी बढ़ा दी गई है। यदि कोई वेटिंग टिकटधारी कन्फर्म कोच में सफर करते पकड़ा गया, तो उसे या तो जनरल कोच में भेजा जा रहा है या फिर भारी जुर्माना लगाया जा रहा है।

- सारनाथ एक्सप्रेस और बरौनी एक्सप्रेस में वेटिंग टिकट में सफर करने के सर्वाधिक मामले

रेलवे को यात्रियों से लगातार यह शिकायत मिल रही थी कि वेटिंग टिकटधारी जबरन आरक्षित डिब्बों में चढ़ जाते हैं, जिससे कन्फर्म टिकटधारकों को खासी परेशानी होती है। खासकर ट्रेनों के रद्द होने के कारण भीड़ और बढ़ गई है, ऐसे में भीड़ नियंत्रण के लिए पूरे देशभर में जांच कर कार्रवाई की जा रही है। रेलवे का यह नियम तो वैसे तो पुराना है, लेकिन कड़ा रुख जहां एक ओर वेटिंग यात्रियों को असुविधा दे रहा है, वहीं कन्फर्म टिकट वाले यात्री सुकून की सांस ले रहे हैं।



### हर कोच से निकल रहे वेटिंग यात्री

रायपुर से होकर गुजरने वाली लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों में वेटिंग टिकट वाले यात्री बड़ी संख्या में एसी और स्लीपर कोच में सफर करते पकड़े जा रहे हैं। हरिभूमि की पड़ताल में मंडल और जोन स्तर के टीटीई ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए कई यात्री एसी कोच का वेटिंग टिकट लेकर भी एसी डिब्बों में चढ़ जाते हैं। रेलवे अब ऐसे यात्रियों पर सख्त रवैया अपना रहा है। जहां सीट उपलब्ध होती है, वहां जुर्माना वसूल कर उन्हें यात्रा की अनुमति दी जा रही है, वहीं सीट नहीं होने पर उन्हें जनरल कोच में भेजा जा रहा है। खासकर रात की ट्रेनों में स्लीपर कोच में वेटिंग यात्री अधिक देखे जा रहे हैं। सारनाथ एक्सप्रेस और बरौनी एक्सप्रेस में सबसे ज्यादा ऐसे मामले सामने आए हैं।

### 1 मई से देशभर में सख्ती

लगातार ट्रेनों के रद्द होने से मौजूदा लंबी दूरी की ट्रेनों में भीड़ चल रही है। इस वजह से रेलवे 1 मई से देशभर में वेटिंग यात्रियों पर सख्ती बरत रहा है। बता दें कि बुक की गई ऑनलाइन टिकट अगर कन्फर्म नहीं होती है, तो वह अपने आप ही कैंसिल हो जाती है। ऐसे में कई लोग काउंटर से वेटिंग टिकट लेकर स्लीपर और एसी कोच में यात्रा करते हैं, जिससे स्लीपर और एसी कोच में वेटिंग टिकट वाले यात्रियों की संख्या बढ़ने पर आने-जाने का रास्ता भी बंद हो जाता है, जिससे न सिर्फ यात्रियों को असुविधा होती है, बल्कि उनकी यात्रा भी काफी मुश्किल हो जाती है।

### दूरी के हिसाब से एक्स्ट्रा चार्ज

अगर कोई व्यक्ति स्लीपर कोच में वेटिंग टिकट के साथ यात्रा करता पकड़ा जाता है, तो उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है। दूरी के हिसाब से एक्स्ट्रा चार्ज भी देना पड़ सकता है। वहीं अगर काई यात्री थर्ड एसी या सेकेंड एसी कोच में वेटिंग टिकट के साथ यात्रा करता है, तो उसे जुर्माना और भी ज्यादा देना पड़ सकता है। इस स्थिति में यात्री को 400 से अधिक रुपये के साथ-साथ यात्रा का किराया भी भरना पड़ सकता है। इसके साथ ही टीटीई को यह अधिकार है कि वह यात्री को जनरल कोच में भेज दे या अगले स्टेशन पर ट्रेन से उतार दे।

# एम्स के डॉक्टर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एम्स में पढ़ाई कर रहे एक डॉक्टर ने शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात अपने फ्लेट में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। खुदकुशी का कारण अज्ञात है। आमानाका थाने की पुलिस को डॉक्टर की खुदकुशी की जानकारी शनिवार दोपहर को मिली। डॉक्टर हैदराबाद का रहने वाला था। परिजनों को पुलिस ने डॉक्टर की खुदकुशी की जानकारी दे दी है। सोमवार को परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा। परिजनों के बयान के बाद ही डॉक्टर की खुदकुशी के कारणों का पता चल पाएगा।



- मृतक डॉक्टर फर्स्ट इयर का छात्र था
- परिजनों के आने के बाद आज होगा पोस्टमार्टम

खुदकुशी करने वाले डॉक्टर का नाम ए. रवि (26) है। वह हर्षित टॉवर में किराए के मकान में अपने एक अन्य पार्टनर के साथ रहता था। घटना के समय मृतक डॉक्टर का पार्टनर फ्लेट में नहीं था। शुक्रवार से अपने कमरे में जाने के बाद ए. रवि के कमरे का दरवाजा बंद था। दूसरे दिन दोपहर साढ़े 12 बजे तक ए. रवि ने अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला तो मृतक डॉक्टर के रूम पार्टनर ने अपने साथियों के साथ एम्स प्रबंधन को इसकी जानकारी दी। एम्स प्रबंधन ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस की उपस्थिति में रूम का दरवाजा खुलने के बाद डॉक्टर की लाश फांसी के फंदे पर लटकती मिली।

### पढ़ाई में होनहार के साथ मिलनसार था

ए. रवि की खुदकुशी करने की जानकारी मिलने के बाद साथी डॉक्टर स्तब्ध हैं। मृतक डॉक्टर के साथियों ने पुलिस पूछताछ में बताया है कि ए. रवि पढ़ाई में होनहार होने के साथ काफी मिलनसार तथा हंसमुख स्वभाव का था। साथी डॉक्टरों को भी समझ नहीं आ रहा है कि ए. रवि ने किन कारणों से खुदकुशी की है। साथी डॉक्टरों के अनुसार ए. रवि के स्वभाव से उन्हें नहीं लगता था कि उसे किसी तरह की परेशानी थी, जिसकी वजह से ए. रवि ने आत्मघाती कदम उठाया।

गंभीर हालत में डॉक्टर का एक निजी अस्पताल में चल रहा उपचार

# अश्लील हरकत करने से रोका तो बदमाश ने पत्थर से सिर फोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कमल विहार का इलाका बदमाशों के अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने का अड्डा बन गया है। कमल विहार में सुरक्षा के नाम पर पुलिस सहायता केंद्र खोला गया है, लेकिन वहां एक भी पुलिस की तैनाती नहीं रहती। रविवार दोपहर एक डॉक्टर ने एक युवक तथा युवती को सार्वजनिक स्थान पर अश्लील हरकत करने से रोका, तो बदमाश ने डॉक्टर के सिर पर पत्थर से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर मुजगहन पुलिस ने बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है।

- घटना कमल विहार सेक्टर-9 की, रहवासियों ने असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने का लगाया आरोप

कमल विहार सेक्टर-9 में रहने वाले डॉ. सुजीत परिहार पर हमला करने के आरोप में संतोषी नगर थाना क्षेत्र के बदमाश मोहित उर्फ मोहन यादव को गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार डॉ. परिहार कमल विहार यूनियन के अध्यक्ष हैं। वे दोपहर दो बजे के करीब अपने घर आ रहे थे। इस दौरान आम रास्ते पर मोहित एक युवती के साथ जबरदस्ती अश्लील हरकत कर रहा था। डॉक्टर ने मोहित को अश्लील हरकत करने से रोका, तो मोहित ने डॉक्टर को धक्का देकर गिरा दिया। इसके बाद रास्ते में पड़ा पत्थर उठाकर डॉक्टर के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर घायल कर दिया।





### राह चलते लोगों ने किया बीच बचाव

राह चलते लोग डॉक्टर को पहचान गए। इसके बाद उन्होंने बीच बचाव कर डॉक्टर को बदमाश के चंगुल से मुक्त कराया। लहूलुहान डॉक्टर ने लोगों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद लोगों ने डॉयल-112 के माध्यम से पुलिस बुलाकर बदमाश को पुलिस के हवाले किया। स्थानीय रहवासियों के मुताबिक समय रहते लोगों के नहीं पहुंचने पर बदमाश किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता था।

### नाम को खुली है पुलिस चौकी

स्थानीय रहवासियों के अनुसार कमल विहार में जो पुलिस चौकी खुली है, वह केवल नाम की है। पुलिस अफसरों से चौकी में पुलिसकर्मियों की तैनाती नहीं होने का कारण पूछने पर अफसरों ने बल की कमी की वजह से चौकी में पुलिस की तैनाती नहीं होने की बात कही। पुलिस ने क्षेत्र में नियमित पेट्रोलिंग करने का दावा किया है।

### पुलिस गश्त पर लोगों ने उठाए सवाल

स्थानीय रहवासियों के अनुसार कमल विहार के ज्यादातर फ्लैट खाली हैं। ज्यादातर खाली फ्लैट में बाहर से आकर लोग किराए पर रह रहे हैं, जिनका किसी तरह से पुलिस वैरिफिकेशन नहीं हुआ है। रहवासियों के अनुसार पुलिस की नियमित गश्त नहीं होने की वजह से इलाके में रहने वाले लोग बदमाशों की हरकतों की वजह से परेशान रहते हैं। रात के समय अकेले आना-जाना करने से डरते हैं। मकान छोड़ कर जाने पर चोरी होने का खतरा रहता है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार बदमाश दिन के समय भी क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं। असामाजिक तत्व कमल विहार के सूनसान इलाकों में रात के साथ दिन में नशाखोरी करने के साथ ही लोगों के साथ लूटपाट तथा मारपीट की घटना करते हैं। कमल विहार का इलाका टिकरापारा तथा मुजगहन थाना से सटा हुआ है।

## पेज 09 के शेष ...

### इस तरह के...

- धनकुल वाद्य किस श्रेणी में आता है?
- 'कांचा म गुद गुद, पांका मा टांठ' का क्या अर्थ है?
- 'हपटे बन के पथरा, फोरे घर के सील' का अर्थ
- परब नृत्य किस जनजाति द्वारा किया जाता है?
- गोविंद राम झारा का संबंध किस शिल्पकला से है?
- विभिन्न विभागों में वित्तीय वर्ष 2024-25 की तुलना में 2025-26 के बजट में वृद्धि का प्रतिशत
- देश के खनिज उत्पादन में छग का हिस्सा

### सिटी पार्क में...

के साथ सुंदर पिकनिक स्पॉट बनाने की योजना रही। साथ ही योगा करने वालों के लिए अलग से गजीबो बनाने, चौपाटी से लेकर बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, बड़ों के लिए जिम इक्वीपमेंट की सुविधा सिटी पार्क में मिलनी थी। इसके लिए नगरीय प्रशासन विभाग के तकनीकी प्रकोष्ठ ने वर्ष 2016 में प्रोजेक्ट तैयार कर रायपुर के ठेकेदार को इस कार्य के लिए अनुबंधित किया।

**योग करने गजीबो, उग आई खरपतवार:** योग करने वालों के लिए टिन के शेड लगाकर 6 लोहे के एंगल लगाकर गजीबो बनाये गये हैं। देखरेख नहीं होने से स्थल पर खरपतवार उग आई है। पार्क स्थल पर प्रकाश एवं पानी की व्यवस्था अब तक नहीं हो पाई है। न ही माली रखा गया है। इससे पेड़ पौधों की कटाई-छंटाई नहीं हो पा रही है, जबकि पेड़-पौधे लगे होने से यहां सुबह-शाम मार्निंग एवं इवनिंग वॉक करने वाले आते-जाते रहते हैं। सांझ ढलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने से सिटी पार्क एरिया में असमाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है।

***इन इलाकों के लोगों को मिलती राहत*** : रायपुर सिटी पार्क को पिकनिक स्पॉट बनाये जाने पर पंडरी, दलदल सिवनी, मोवा, आमासिवनी, सड्डू, कचना, परसुलीडीह और विधानसभा के आसपास विकसित हो रही कालोनी में रहने वाले लाखों लोगों को इसका लाभ मिलता।

### एक साल में पूरा...

देखरेख के अभाव में यह क्षेत्र उजाड़ पड़ा है। निर्माण के नाम पर इंदिरा स्मृति वन क्षेत्र में फैंसिंग कर पेवर ब्लाक लगाते हुये ढाई किलोमीटर क्षेत्र में पाथवे बनाने का काम कराया गया। जमीन सुरक्षित करने नाले की ओर रिटेनिंग वॉल बनाई गई और साइंस सेंटर की तरफ वाले हिस्से में लोहे का मेन गेट लगाकर सुरक्षित किया गया है। तीन अलग-अलग गेट लगाये गये। इस पूरे काम में 7.50 करोड़ का खर्च होना बताकर आगे का काम बंद कर दिया गया। आधे-अधूरे सिटी पार्क को नगर निगम को हैंडओवर करने सूडा से फाइल भी चलाई गई, पर बची हुई राशि नगर निगम को देने की जगह वन विभाग को दे दी गई। अब नगर निगम ही इसकी देखरेख करेगा।

### हवा की दिशा में...

उससे कमजोर होगा, मगर इसके प्रभाव से कुछ हिस्सों में बारिश की गतिविधि बनेगी। रविवार को प्रदेश के मौसम में विशेष बदलाव नहीं हुआ, मगर कहीं भी अंधड़ जैसी स्थिति नहीं बनी। प्रदेश के कुछ स्थानों में हल्की बारिश जरूर हुई।

### सफारी में बाड़ा...

था। नंदनवन में जगह की कमी के कारण नवा रायपुर में नया सफारी का निर्माण कराया गया। सफारी में बीमार वन्यजीवों को रखने वर्ष 2020 में अलग से बाड़े बनाए गए।

**बीमार वन्यजीवों को रखने चार सेल** : जंगल सफारी में बीमार वन्यजीवों को रखने चार सेल बनाए गए हैं। अफसरों के अनुसार सभी सेल में बीमार तथा अपंग वन्यजीव हैं। इस वजह से नंदनवन के सेल में रखे गए बीमार वन्यजीवों को सफारी में रखने जगह नहीं होने की वजह से सफारी प्रबंधन ने सीजेडए से विशेष अनुमति लेकर नंदनवन के सेल में रखे गए वन्यजीवों को वहीं रखने की व्यवस्था की है। अफसरों के अनुसार बीमार वन्यजीवों को रखने सफारी में चार नए सेल का निर्माण दो सप्ताह के भीतर हो जाएगा। इसके बाद नंदन वन के सेल में रखे वन्यजीवों की नए सेल में शिफ्टिंग की जाएगी।

### तेंदूपत्ता राशि वितरण...

2022 के लिए 18,918 संग्राहकों को 3.32 करोड़ रुपये प्रोत्साहन पारिश्रमिक का भुगतान किया जाना था। इनमें से वर्ष 2021 के 10,131 संग्राहकों को 1.38 करोड़ तथा वर्ष 2022 के 5,739 संग्राहकों को 74 लाख रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की गई। शेष संग्राहकों के बैंक खाते उपलब्ध न होने की स्थिति में, कलेक्टर सुकमा की अनुशंसा पर शासन ने नगद भुगतान की अनुमति दी थी। इसके लिए राशि जिला यूनियन को हस्तांतरित की गई थी। कुछ समितियों द्वारा नगद भुगतान किया गया, किन्तु 11 समितियों जिसमें सुकमा, फूलबगड़ी, दुब्बाटोटा, जगरगुण्डा, मिचीगुड़ा, बोड़केल, कोंटा, जग्गावरम, गोलापल्ली, किस्टाराम एवं पालाचलमा शामिल है उनमें प्रोत्साहन राशि का वितरण नहीं किया गया। इन समितियों में प्रोत्साहन राशि प्राप्त नहीं करने वाले संग्राहकों की वास्तविक संख्या का परीक्षण किया जा रहा है। स्थिति स्पष्ट होते ही पात्र संग्राहकों को भुगतान सुनिश्चित करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# विदेश भेजने का झांसा देकर लाखों की ठगी,10 साल बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विदेश यात्रा कराने का झांसा देकर 35 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी करने के चर्चित मामले में सिविल लाइंस पुलिस ने ठगी की फरार महिला आरोपी को 10 साल बाद गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। गिरफ्तार महिला पुलिस की नाक के नीचे गुढ़ियारी में ही पहचान छिपाकर रह रही थी। ठगी के आरोप में पुलिस ने श्रद्धा राजपूत को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आई महिला श्याम प्लाजा में इमाम टूर एंड ट्रैवल्स के नाम से आफिस का संचालन कर लोगों को ठगी का शिकार बनाती थी। ठगी का मास्टर माइंड अब तक फरार है। श्रद्धा ने अपने एक अन्य साथी के साथ वर्ष 2015 में श्याम प्लाजा में ऑफिस खोलकर दो दर्जन से ज्यादा लोगों को सैर सिंगापुर, बैंकाक, हांगकांग, गोवा पर्यटन कराने के नाम पर एडवांस राशि लेकर ठगी का शिकार बनाया था। जिन लोगों को ठगी का शिकार बनाया गया, उनमें ज्यादातर सीनियर सिटीजन थे। लोगों से एडवांस राशि लेने के बाद जालसाज ऑफिस बंद कर फरार हो गए। इसके बाद ठगी के शिकार लोगों ने थाने में ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

- टूर एंड ट्रैवल्स के नाम से ऑफिस खोलकर बनाया था सीनियर सिटीजन को ठगी का शिकार




कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर -19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

दिनांक 25.04.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आकाश निर्मलकर पिता/पति शंकर निर्मलकर निवासी गुमा की ग्राम गुमा प.ह.नं. 32 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-19 (धनेली) तहसील धरसींवा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 455/2 रकबा 0.1210 हे. का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के ज्ञापन क्रमांक वा./तह./ 2025 आदेश दिनांक 05.03.2025 के परिपालन में दिनांक 09.05.2025 को समय 11:30 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर 32 के स्थित कार्यालय में अथवा सीमांकन स्थल में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नही होगा।

अतः सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक,
रायपुर -19, धनेली

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद

"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"

मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त

"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"

JOIN OUR SEMINAR

Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand

14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM

◀ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें

SCAN ME

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001, मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com

Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल

नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर

0771-4050006, 81031 28515

डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO

डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# प्रदेश के सरकारी दफ्तरों में लगने लगे स्मार्ट मीटर, पावर कंपनी हुई गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं के मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। सबसे पहले सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का आगाज किया गया था। सवा लाख से ज्यादा सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगने हैं, लेकिन करीब एक साल में दस फीसदी दफ्तरों में भी स्मार्ट मीटर नहीं लग सके।

खबर का असर

महज सात हजार दफ्तरों में ही स्मार्ट मीटर लग पाए थे, इस खबर के हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद इस मामले को पॉवर कंपनी ने गंभीरता से लिया है और अब सरकारी दफ्तरों में मीटर लगाने का काम प्रारंभ किया गया है। अब तक 12 हजार दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लग गए हैं। इन दफ्तरों में थ्री फेज मीटर लगने हैं जो स्मार्ट मीटर लगाने वाली ठेका कंपनियों के पास नहीं थे। लेकिन अब इन मीटरों को प्राथमिकता के साथ मंगाकर दफ्तरों में लगाए जा रहे हैं। सरकारी विभाग ही बिजली का बिल जमा करने में हमेशा से लापरवाह रहे हैं, इस समय भी सरकारी विभागों में ढाई हजार करोड़ का बकाया है। बिजली बिल जमा करने के मामले में प्रदेश के सरकारी विभाग छत्तीसगढ़ के अलग बनने के बाद से ही बेलगाम हैं। इन पर कितना भी बिल बकाया हो जाए, इनका कनेक्शन कट नहीं किया जाता है। लेकिन आम उपभोक्ता का थोड़ा सा बकाया होने पर पॉवर कंपनी के कर्मचारी कनेक्शन काटने पहुंच जाते हैं। हाल ही में 40 हजार से ज्यादा आम उपभोक्ताओं की बिजली कट की गई तो उपभोक्ताओं ने 25 करोड़ जमा किए। इधर पॉवर कंपनी हमेशा से सरकारी विभागों पर बकाया को लेकर परेशान रही है। छत्तीसगढ़ बनने के बाद कभी भी ऐसा नहीं हुआ है कि सरकारी विभागों पर बकाया पूरी तरह से समाप्त हो गया हो।

## सरकारी विभागों पर है पॉवर कंपनी का ढाई हजार करोड़ बकाया

### अब पांच हजार और लगे

हरिभूमि में खबर का प्रकाशन होने पर ठेका कंपनियों पर सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का दबाव बढ़ाया गया तो कंपनियों ने मीटर का स्टॉक मंगाकर अब मीटर लगाने का काम वापस प्रारंभ किया है। वापस काम प्रारंभ होने पर अब तक पांच हजार और दफ्तरों में मीटर लगाए जा चुके हैं। कुल मिलाकर सवा लाख में से अब तक 12 हजार दफ्तरों में मीटर लग गए हैं। अब जल्द से जल्द सभी दफ्तरों में मीटर लगाने की तैयारी है।


सालभर में दस फीसदी सरकारी दफ्तरों में भी नहीं लगा पाए स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

■ सरकारी विभागों पर है पॉवर कंपनी का ढाई हजार करोड़ बकाया

सिर्फ सात हजार मीटर ही लगे

यह है वजह

### लगे थे महज सिर्फ सात हजार मीटर

प्रदेश में करीब 58 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसके लिए टाटा और जीनस कंपनी को ठेका मिला है। 55 लाख से ज्यादा आम उपभोक्ताओं के मीटर लगने हैं। इसी के साथ दो लाख से ज्यादा ट्रांसफार्मरों में मीटर लगेंगे। इसी के साथ 129332 सरकारी दफ्तरों में से पहले महज 7107 दफ्तरों में ही मीटर लग पाए थे। सरकारी दफ्तरों में अब तक स्मार्ट मीटर न लग पाने का कारण पॉवर कंपनी के अधिकारी यह बता रहे थे कि इन सभी में थ्री फेज वाले अलग तरह के मीटर लगने हैं। ज्यादातर सरकारी दफ्तरों के कनेक्शन 15 किलो वॉट से ज्यादा के हैं। ऐसे में इन दफ्तरों में लगने वाले मीटर ठेका लेने वाली कंपनियों के पास उपलब्ध नहीं थे, इसके कारण मीटर नहीं लग पा रहे थे।

## खबर संक्षेप



### शहीदों के लिए विशेष प्रार्थना की, निकाला जुलूस

**रायपुर।** संत तेरेसा चर्च अमलीडीह द्वारा रविवार को पहलगाम में आंतकी हमले से हुए शहीदों को प्रार्थना में विशेष रूप से स्मरण किया गया। इसके बाद चर्च परिसर से महाराणप्रताप चौक, अमलीडीह तक मौन जुलूस निकाला गया। चौक पर शहीदों के तस्वीर पर फूलार्पण और मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही आतंकवाद के विरुद्ध विरोध प्रदर्शित किया गया। इस जुलूस में लगभग 300 लोग शामिल हुए।

### जिला कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक, कांग्रेस भवन में 11 को होगी आमसभा



**रायपुर।** गांधी मैदान स्थित कांग्रेस भवन में रविवार को संविधान बचाओ आंदोलन के लिए रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक हुई। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं के सहमति और विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया कि जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त रूप से कांग्रेस भवन गांधी मैदान में 11 मई को सभा होगी। सभा के बाद गांधी मैदान से जिला कलेक्ट्रेट चौक स्थित संविधान निर्माता डा. भीम राव अंबेडकर की मूर्ति तक रैली के रूप में पहुंचकर डॉ अंबेडकरजी की पुष्पांजलि कर कार्यक्रम की समाप्ति की जाएगी। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा, संवैधानिक मूल्यों को बचाने हम सभी को मिलकर लड़ने पर जोर दिया। बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू, वरिष्ठ नेता पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, पूर्व सांसद छाया वर्मा, गिरीश दुबे, शैलेश नितिन त्रिवेदी, पंकज शर्मा, शकुन डहरिया, ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी, विद्याभूषण सोनवानी, सौरभ मिश्रा, दुर्गेश वर्मा, हरिशंकर निषाद आदि उपस्थित रहे।

### महेंद्र बने लायंस क्लब रायपुर सीनियर के अध्यक्ष



**रायपुर।** लायंस क्लब रायपुर सीनियर का आगामी सत्र 2025-26 के लिए नवीन पीएसटी एवं अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी लायन एमजेएफ संतोष गुप्ता की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया, जिसमें अध्यक्ष लायन महेंद्र मित्तल, उपाध्यक्ष गजानंद अग्रवाल और प्रेमनारायण गुप्ता को बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में सचिव दीपक प्रताप सिन्हा, कोषाध्यक्ष दिवाकर अवस्थी, पीआरओ महेश अग्रवाल, टेलटैमर राज शर्मा, टेलट्विस्टर प्यारे लाल अग्रवाल को चुना गया है। साथ ही कार्यकारिणी में संचालक सदस्यों के रूप में लायन डॉ. निरंजन हरितवाल, अशोक अग्रवाल, एमजेएफ संतोष गुप्ता, सुनील गुप्ता, अशोक अग्रवाल एवं दिलीप भल्ला शामिल किए गए।

## बूढ़ापारा के जयप्रकाश तंबोली ने विद्युत विभाग से शिकायत की, जवाब मिला हमारा नहीं

# बूढ़ातालाब के नीलाभ गार्डन में 5 दिन से लाइट बंद डेक के लिए बनाई रस्सी टूटी, तालाब में घूम रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी के ऐतिहासिक सरोवर बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण पर 30 करोड़ फूंकने के बाद भी इसकी सुंदरता निखर नहीं पायी। तालाब के बीच स्थित नीलाभ गार्डन में 5 दिनों से लाइट बंद पड़ी है। गार्डन में पानी भरा हुआ है, जिससे गार्डन आने जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

■ निदान 1100 में शिकायत की, जवाब मिला पर्यटन विभाग देखेगा

हरिभूमि सरोकार

बूढ़ापारा निवासी जयप्रकाश तंबोली ने नीलाभ उद्यान के मुख्य द्वार से लेकर गार्डन तक लाइट बंद होने की शिकायत पहले बूढ़ापारा बिजली आफिस में की, वहां जवाब मिला यह हमारे यहां नहीं आता। लाखे नगर बिजली आफिस में शिकायत करने गये, वहां जवाब मिला हमारा क्षेत्र नहीं है। थक-हार कर श्री तंबोली नगर निगम मुख्यालय में ऑनशिकायत प्रणाली निदान 1100 में बूढ़ा गार्डन में बिजली बंद की शिकायत दर्ज कराई। वहां उन्हें जो जवाब मिला वह चौंकाने वाला रहा। उनसे फोन पर कहा गया, पर्यटन विभाग वाले देखेंगे। यानी नगर निगम, बिजली विभाग को आम जनता की परेशानी से कोई वास्ता नहीं रहा।

बूढ़ातालाब के नीलाभ गार्डन वाले हिस्से की लाइट 5 दिनों से बंद पड़ी है। स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा से लगे हिस्से में लाइट गुल और निगम प्रशासन बेखबर है। गार्डन में सुबह-शाम लोगों का आना जाना रहता है, लाइट गुल होने से गार्डन में जाना खतरे से खाली नहीं है। अंधेरे में डूबे नीलाभ गार्डन में पानी भरा हुआ है। इसकी शिकायत न बिजली विभाग दर्ज कर रहा है न कि निदान 1100 में सुनवाई हो रही है। यही नहीं, बूढ़ातालाब से दानी स्कूल वाले रास्ते के बीच रायपुर स्मार्ट सिटी की अनुबंधित एजेंसी द्वारा नौकाविहार के लिए बनवाया गये फ्लोटिंग डेक की रस्सी टूटकर पानी में डूब गई है। यह हिस्सा पानी में लहराने लगा है। इस ओर न निगम प्रशासन का ध्यान है, न ही छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी का। कुल मिलाकर 30 करोड़ बूढ़ातालाब में खर्च करने के बाद भी परिक्रमा पथ और नीलाभ गार्डन की हालत बदतर हो गयी है।

### ऐतिहासिक तालाब और गार्डन की दुर्दशा, निगम प्रशासन मौन





#### कल दिखवाता हूं

*बूढ़ातालाब के नीलाभ गार्डन की लाइट बंद है, इसे कल ही दिखवाता हूं। आम जनता को किसी तरह की असुविधा न हो, इस बात का पूरा ध्यान रखा जायेगा। पर्यटन मंडल के अधिकारी बूढ़ातालाब और नीलाभ गार्डन की लाइट व्यवस्था देखते हैं, उन्हें निगम मुख्यालय में बुलवाकर बिजली व्यवस्था सुधरवाने निर्देशित किया जायेगा।*

*- मुरली शर्मा, अध्यक्ष, जोन 4, नगर निगम रायपुर*

#### अंधेरे में डूबी स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा

युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की ध्यानमग्न आदमकद प्रतिमा इन दिनों पूरी तरह अंधेरे में डूबी हुई नजर आ रही है। स्वामी विवेकानंद सरोवर की उपेक्षा का यह जीता-जागता प्रमाण है। न इस ओर महापौर और उनकी परिषद ध्यान दे रही है और न ही निगम आयुक्त की नजर है। शहर के मध्य स्थित प्राचीन सरोवर और नीलाभ उद्यान में महीनेभर पहले भी यही स्थिति निर्मि हुई थी। हरिभूमि ने इस ओर महापौर मीनल चौबे का ध्यान आकर्षित कराया, तब जाकर गार्डन के एंट्री पाइंट की लाइट शुरू हुई।



# एआई डाटा सेंटर छत्तीसगढ़ में होना गर्व का विषय : चैंबर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर


■ अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा, शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिलेगा लाभ

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि देश का पहला एआई डाटा सेंटर हमारे छत्तीसगढ़ में होना गर्व का विषय है। यह कदम छत्तीसगढ़ में टेक्नोलॉजी की दिशा में नया आयाम स्थापित करेगा। पंजीयन विभाग की 10 नई सुविधाओं की शुरुआत होने से न केवल शहरी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के रहवासियों को सहूलियत होगी।

नवा रायपुर के अटल नगर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन और राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा के साथ एआई डाटा सेंटर का शिलान्यास किया। इस मौके पर पंजीयन विभाग की 10 नई सुविधाओं का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश थौरानी सहित चैंबर के पदाधिकारी शामिल हुए। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा, छत्तीसगढ़ हर क्षेत्र में उन्नति कर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंजीयन विभाग की दस नवीन सुविधाओं का शुभारंभ किया है, जिसमें आधार आधारित प्रमाणीकरण, ऑनलाइन सर्च एवं डाउनलोड, कैशलेस भुगतान, डिजीलॉकर, व्हाट्सएप नोटिफिकेशन के साथ ही घर बैठे रजिस्ट्री, डिजीडॉक्यूमेंट और स्वतः नामांतरण जैसी सेवाएं शामिल हैं। सतीश थौरानी ने कहा रैक बैंक एआई डाटा सेंटर का शिलान्यास हुआ है, जो छत्तीसगढ़ में टेक्नोलॉजी की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगा। रैक बैंक एआई डाटा सेंटर के शिलान्यास से मुख्यमंत्री ने राज्य में आईटी, आईटीईएस, इलेक्ट्रॉनिक्स और डेटा सेवाओं से जुड़े एक नए इको-सिस्टम के विकास की नीव रखी है।

### मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया

चैंबर अध्यक्ष ने इस मौके पर कहा, देश का पहला एआई डाटा सेंटर हमारे छत्तीसगढ़ में होगा यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है। इसके लिए चैंबर परिवार की ओर से वे मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। कार्यक्रम में चेंबर ऑफ कॉमर्स के कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया, राधाकृष्ण सुंदरानी, राजेश वासवानी, शंकर बजाज, राजू भाई तारवानी, प्रशांत गुप्ता, अशोक मालानी, गोविंद बाधवानी, स्वाधीन जैन, नंदकिशोर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, जनक वाधवानी, पंकज चिजवानी, दिलीप इसरानी, कन्हैया गुप्ता, निलेश मूंदड़ा, श्रीनिवास रेड्डी उपस्थित रहे।

# एक बोर में मिला कॉलरा का बैक्टीरिया, दूषित जल के प्रयोग से डायरिया पीड़ितों की संख्या सौ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

माना से लेकर ग्राम टेमरी के एक बोरवेल में कॉलरा के बैक्टीरिया मिले हैं। गांववालों के साथ विवाह समारोह में पहुंचे लोगों ने भी इस दूषित जल का उपयोग कर लिया, जिससे डायरिया के मामले बढ़ गए। अब तक पीड़ितों की संख्या सौ तक पहुंच चुकी है और आधा दर्जन का इलाज अस्पताल में चल रहा है। डायरिया के बीच एक मरीज की हैजा की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी, जिसके बाद विभागीय अमले में हड़कंप मचा हुआ था, जो दूसरा केस सामने नहीं आने पर शांत हुआ है।

■ टैंकरों की मदद से पानी की आपूर्ति, स्वास्थ्य अमला अभी भी डटा हुआ

टेमरी के स्टेशन पारा में रहने वाले ग्रामीणों पर मौजूद 4 बोरवेल से पानी लेने पर पूर्णतः पाबंदी लगा दी गई है। उन्हें नगर पंचायत की मदद से टैंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही है। गांव में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में अभी भी पीड़ित मिल रहे, जिनका आवश्यकता के अनुसार इलाज किया जा रहा है और स्थिति गंभीर होने पर उन्हें सिविल अस्पताल माना लाकर भर्ती किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक संदेह के आधार पर वहां उपयोग किए जाने वाले बोरवेल के पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया था, जिसमें एक में बैक्टीरिया की पुष्टि हो चुकी है। संदेह के आधार पर सभी बोरवेल की सफाई कराई गई है और रिपोर्ट निगेटिव आने तक उसके उपयोग की मनाही की गई है। गांव की एक महिला को हैजा होने की पुष्टि होने के बाद आधा दर्जन लोगों के सैंपल जांच के लिए भेजा गया था, जो रिपोर्ट निगेटिव मिली है। डायरिया प्रभावितों की संख्या सौ तक पहुंची चुकी है, जिसमें से आधा दर्जन अस्पताल में भर्ती हैं। सूत्रों के अनुसार गांव में जब डायरिया की शिकायत हुई, उसी दौरान वहां हुई एक शादी में आए मेहमानों ने भी इस दूषित जल का उपयोग किया था, इसलिए उल्टी-दस्त के पीड़ितों की संख्या बढ़ गई थी।



### अफसर लगातार कर रहे निगरानी

टेमरी के हालात को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। माना सिविल अस्पताल के प्रभारी डा. आशीष मेश्राम ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में आने वाले लोगों की स्थिति के आधार पर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। शिकायत लेकर आने वालों की संख्या अब कम हो चुकी है। जिला मुख्यालय की टीम लगातार जांच के लिए वहां पहुंच रही है।

# बदमाश पुलिस को दे रहे चुनौती, सप्ताहभर में चार हत्या और दो लूट से सनसनी

■ दर्ज हत्या, लूट के दो मामलों को ही पुलिस अब तक सुलझा पाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

बदमाशों के खिलाफ सख्ती बरतने के दावों के बीच अपराधी पुलिस को लगातार चुनौती दे रहे हैं। राजधानी के तीन थाना क्षेत्र खमतराई, तिल्दा नेवरा के साथ डीडीनगर में बदाशों ने एक सप्ताह के भीतर चार हत्या के साथ टाटीबंध तथा समता कालोनी में दो बड़ी लूट की है। आधा दर्जन मामलों में से पुलिस केवल दो हत्या की गुत्थी सुलझा पाई है, बाकी अन्य घटनाओं को पुलिस अब तक सुलझा नहीं पाई है। हत्या की तीन घटनाओं का कारण शराब रही है।

खमतराई थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर विकास विश्वकर्मा ने सागर नामक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी। हालांकि पुलिस ने हत्या की गुत्थी 24 घंटे के भीतर सुलझाने में कामयाबी हासिल की। घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी फूटेज में संदिग्ध हालत में घूमते पाए जाने पर पुलिस ने विकाश को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो हत्या की गुत्थी को पुलिस सुलझा पाई।

#### लाश के पास मिले चखना पैकेट, खून लगा पत्थर

*तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र में ही चार दिन पूर्व बेमता गड़रिया नाला के पास लक्ष्मण उर्फ राजू भट्ट (45) की लाश मिली है। लाश के सिर के पास खून से लगा पत्थर मिला है। लक्ष्मण की हत्या सिर पर पत्थर मारकर की गई है। घटना स्थल के पास पुलिस को दो चखना के पैकेट भी मिले। आशंका जताई जा रही है कि शराब पीने के विवाद के दौरान बदमाशों ने लक्ष्मण के सिर पर पत्थर मारकर हत्या की होगी। लक्ष्मण के हत्यारों का पुलिस अब तक सुराग नहीं ढूंढ पाई है।*



*शराब पीने से मना करने पर चौकीदार की हत्या : तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व धान फड़ में बैठकर शराब पीने से मना करने पर दो नाबालिग सहित चार बदमाशों ने एक निर्माणाधीन गोदाम के चौकीदार गोविंदा की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद बदमाश ने साक्ष्य छिपाने चौकीदार के चेहरे पर सीमेंट पोल मारकर चेहरा विकृत करने की कोशिश की थी। पुलिस ने घटना में शामिल चारों बदमाशों को सीसीटीवी फूटेज की मदद से गिरफ्तार कर लिया है।*

### दो लूट की घटना, आरोपी पकड़ से बाहर

राजधानी में पिछले दिनों दो लूट की घटना हुई है। दोनों लूट की घटना को सुलझाने में पुलिस को अब तक कामयाबी नहीं मिली है। एक्टिवा सवार बदमाशों ने शहर के व्यस्ततम इलाकों में से एक समता कालोनी में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के कलेक्शन एजेंट के साथ चार लाख 40 हजार की लूट की। इसी तरह से आमानाका थाना क्षेत्र में एक 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला को लिफ्ट देने के बहाने अज्ञात बदमाश ने अटारी ले जाकर उसका गला दबाकर बेहोश करने के बाद कान की बाली खींचकर निकाल ली, साथ ही हाथों में पहने सोने के कंगन निकालकर फरार हो गया। दोनों लूट की घटना में पुलिस को बदमाशों का अब तक किसी भी प्रकार से कोई सुराग नहीं मिला है।

### बल्ली से सिर पर वार उपचार के दौरान मौत

डीडी नगर थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व बुधवार को दोपहिया तथा ई-रिक्शा के टकराने के विवाद पर एक पड़ोसी ने अपने ही पड़ोसी के सिर पर बल्ली से वार कर गंभीर रूप घायल कर दिया था, जिसकी रविवार को अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक जी. समैया राव जो सहकारी बैंक में नौकरी करता है, वह घटना दिनांक को दोपहर पौने दो बजे स्कूटी से अपने घर जा रहा था। इस दौरान जी. समैया की स्कूटी उसके पड़ोसी पिंटू राव के ई-रिक्शा से टकरा गई। इस बात से नाराज होकर पिंटू ने अपने ई-रिक्शा में रखी बल्ली से जी. समैया के सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार दोनों पड़ोसियों के बीच पुरानी रंजिश है। पूर्व में दोनों पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की कई शिकायतें दर्ज कराई हैं।

# सड्डू कैपिटल सिटी फेज 2 में पानी की किल्लत, रहवासियों ने किया प्रदर्शन

■ समस्या का समाधान नहीं होने पर निगम मुख्यालय घेराव की दी चेतावनी

■ निगम प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

रायपुर नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के सड्डू कैपिटल सिटी फेज 2 के लोग जल संकट से परेशान हैं। नगर निगम को टैक्स जमा करने के बाद भी इस इलाके में पेयजल की समस्या बनी हुई है। रविवार को रहवासियों ने पानी की किल्लत को लेकर प्रदर्शन किया। इनका ये भी कहना है निगम के अधिकारियों से लेकर वार्ड पार्षद तक से जल संकट दूर करने गुहार लगाई, पर किसी ने उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दिया। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल संकट की समस्या जल्द दूर नहीं की, तो सड्डू कैपिटल सिटी फेज 2 के रहवासी निगम मुख्यालय का घेराव करेंगे।

सड्डू कैपिटल सिटी फेज 2 के 250 परिवार भीषण गर्मी में पानी के संकट से जूझ रहे हैं। शिकायत के बाद भी इसकी अनदेखी से नाराज रहवासियों ने निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कालोनी के रहवासी डॉ. जितेंद्र वर्मा ने बताया कि पिछले 4 साल से सड्डू कैपिटल सिटी फेज 2 में जल संकट से लोग परेशान हैं। नगर निगम ने पेयजल आपूर्ति के लिए 2 इंच की पाइप लाइन बिछाई है, पर इसमें पानी नहीं आ रहा है। यही नहीं, कालोनी का बोरवेल सूख गया है, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। नगर निगम जोन 9 कमिश्नरी को हमने पेयजल संकट से अवगत करा दिया है, इसके बाद भी पानी की समस्या दूर नहीं की गई। प्रभावित कालोनी के रहवासियों ने पानी की समस्या के प्रति निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने रविवार को एक दिवसीय धरना दिया।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 5 मई 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



स्टार्स की तरह बच्चों ने स्टेज पर टैलेंट....

## लाइव इवेंट

## समस्या की वजह समझें, उसका समाधान खोजने का प्रयास करें



**रायपुर।** शैक्षणिक एवं सामाजिक युवा संस्था के संस्थापक एम. राजीव ने एक प्रेरक सेमिनार का आयोजन रविवार को किया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में नेशनल ट्रेनर एवं सीए अमिताभ दुबे ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले प्रतिभागियों को जीवन में अडिग और सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। सेमिनार में जीवन की चुनौतियों का सामना करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और निरंतर सीखने की प्रक्रिया पर जोर दिया। यह आयोजन पुराने छात्रों, शिक्षकों के लिए था, जिन्हें प्रेरणा और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि किसी समस्या का सामना करने के लिए पहले उसे समझें, फिर समाधान निकालें। इसके लिए दिमाग की बत्ती हमेशा जलाए रखते हुए खुद को नई तकनीक से जोड़ने का प्रयास करने पर जोर दिया।



### सीखना कभी न छोड़ें, खुद को बदलें

सीए दुबे ने बताया कि कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं होता। कई बड़े लोगों की असफलताओं के उदाहरण दिए, जो बार-बार असफल हुए, लेकिन सीखने की प्रक्रिया को नहीं छोड़ा। उनका कहना था कि हर असफलता एक नया सबक सिखाती है। निरंतर सीखने से ही व्यक्ति लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। गलतियों पर रोने ,पछताने के बजाय सुधार करने पर ध्यान देने की सलाह देते हुए कहा कि अतीत को भूलकर, भविष्य को संवारें। सफलता के लिए हरसंभव प्रयास करते हुए मेहनत करने के साथ ही धैर्य रखने प्रेरित किया।

लाइक्स की दौड़ में उलझ रही **जिंदगी**

# युवाओं को मनोचिकित्सकों की सलाह- सोशल मीडिया काल्पनिक दुनिया, यहां सफलता को आंकड़ों से न आंकें

*बदलते समय के साथ सोशल मीडिया युवाओं के जीवन का अहम हिस्सा बन गया है। वे इसे न केवल मनोरंजन का माध्यम मानते हैं, बल्कि कैरियर बनाने का जरिया भी समझते हैं। इसी कारण लाइक्स, कमेंट्स और फॉलोअर्स की संख्या उनके आत्मसम्मान और सफलता की कसौटी बन गई है। हाल ही में एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने केवल फॉलोअर्स की कमी के कारण आत्महत्या कर ली, जो अब समाज में चिंता का विषय बन गई है। यह घटना दर्शाती है कि डिजिटल दुनिया में लाइक्स, कमेंट्स की तलाश कैसे युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल सकती है।*



### दूसरों की तुलना खुद से न करें

मनोवैज्ञानिक सिम्मी श्रीवास्तव ने बताया कि इन दिनों लोगों ने दूसरों से अपनी तुलना शुरू कर दी है, जो सबसे अधिक उसके तनाव का कारण है। सोशल मीडिया पर प्रचलित मीशा अग्रवाल संबंधित आत्महत्या की न्यूज चिंताजनक है, जहां कम फॉलोवर्स होने के तनाव में क्रिएटर ने आत्महत्या जैसा गंभीर कदम उठाना सही समझा। इससे बचने के लिए ध्यान, योगा या आसन करने की सलाह दी जाती है, जिससे व्यक्ति खुद को समझने का प्रबल प्रयास करता है। समय के साथ-साथ युवा पीढ़ी में तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे बचने के लिए अपने करीबियों से बातचीत सबसे बेहतर उपाय है। साथ ही ऑनलाइन या ऑफलाइन प्लेटफार्म पर मनोवैज्ञानिकों से चर्चा भी की जा सकती है, जिसमें वे आपके नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने में मदद करेंगे। माता-पिता बपचन से ही बच्चों को नैतिक मूल्यों का ज्ञान देते रहे, ये उनके जीवन में ताकत के रूप में काम करेंगे।

**रायपुर।** हरिभूमि ने मनोचिकित्सकों से बातचीत की। विशेषज्ञों का मानना है कि सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग युवाओं में अवसाद, चिंता और आत्म-संदेह को बढ़ावा दे सकता है। लाइक्स और फॉलोअर्स की संख्या को सफलता का मापदंड मानने से, जब अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलती तो यह निराशा और मानसिक तनाव का कारण बन जाती है। मनोचिकित्सकों का सुझाव है कि युवाओं को शुरूआत से ही सोशल मीडिया की आभासी दुनिया और वास्तविक जीवन के बीच संतुलन बनाए रखना चाहिए। उन्हें यह समझना आवश्यक है कि ऑनलाइन अस्थायी है, जबकि आत्ममूल्य और आत्मसम्मान स्थायी होते हैं। सफलता को केवल सोशल मीडिया के आंकड़ों से न आंकें।




### अपनी काबिलियत को दूसरे व्यक्तियों से आंकना गलत

*मीशा अग्रवाल लॉ की होनहार छात्रा रहीं, जिसके बाद भी वे आभासी दुनिया को वास्तविक दुनिया की तरह समझने लगी थीं। उसके अनुसार सोशल मीडिया पर फॉलो या लाइक करने वाले व्यक्तियों को वह अपना परिवार समझने लगी थीं। मनोवैज्ञानिक डॉ. वर्षा वरवंडकर ने बताया कि सोशल मीडिया के दो पहलू हैं, जिसमें सकारात्मक और नकारात्मक दोनों शामिल हैं। कंटेंट क्रिएटर फील्ड में सफलता के साथ असफलता का भी सामना करना पड़ता है, जो सामान्य बात है, लेकिन कुछ लोग फॉलोवर्स के कारण अपनी काबिलियत दूसरे व्यक्तियों से आंकते हैं, यह गलत है।*



### अच्छा अभिभावक बनना जरूरी

महाराष्ट्र मंडल की परिवार परामर्श समिति की प्रभारी शताब्दी पांडेय ने कहा कि इन दिनों बच्चे या युवा अपना अधिक समय क्रिएटिविटी फील्ड को दें। माता-पिता की लापरवाही के कारण इस तरह की समस्या देखने को मिलती है। इन दिनों 7-8 साल के बच्चे भी मोबाइल फोन के एडिक्ट हो चुके हैं। परिजन बच्चों की सकारात्मक सोच को बढ़ावा दें। मंडल द्वारा आयोजित संस्कार शिविर में बच्चों को भारतीय संस्कार और परंपराओं से जोड़ने का काम किया जा रहा है। बच्चे आत्महत्या जैसा गंभीर कदम उठा रहे है, इसके पीछे कहीं न कहीं माता-पिता की गलतियां होती हैं। परिजन बच्चों के साथ समय बिताने के बदले उन्हें फोन देना अधिक पसंद करते हैं, जिसके कारण कई समस्याएं देखने को मिलती हैं। आधुनिक दौर में बेहतर अभिभावक बनने की आवश्यकता है, ताकि बच्चों की सही परवरिश की जा सके।



### बच्चों के हाथों में मोबाइल के बदले किताब रखें

*मनोवैज्ञानिक डॉ. वरवंडकर ने बताया कि सोशल मीडिया के अधिक प्रयोग से मेंटर हेल्थ पर सबसे अधिक प्रभाव पड़ता है, जिससे व्यक्ति डिप्रेशन का शिकार भी हो सकता है। वर्तमान समय में युवा पीढ़ी को वास्तविक्ता के साथ जीना आना चाहिए, अपनी काबिलियत पर भरोसा रखें और दूसरों से अधिक अपेक्षा न करें। गर्मी के छुट्टी में माता-पिता मोबाइल के बदले बच्चों के हाथों में किताब पकड़ाएं, लेकिन बच्चों में सुधार लाने से पहले माता-पिता खुद मोबाइल फोन की लत कम करें।*



## सिटी इवेंट

## तेज गर्मी में पौधों की देखभाल करने विशेषज्ञों ने दिए बागवानी के स्मार्ट टिप्स



**रायपुर।** प्रकृति की ओर सोसायटी द्वारा 'गर्मी में पौधों की देखरेख कैसे की जाए' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यहां बागवानी विशेषज्ञों ने छोटे-छोटे उपाय से पौधों की सुरक्षा को लेकर जानकारी दी। अध्यक्ष मोहन वर्ल्यानी ने बताया कि हर मौसम में पौधों की देखभाल करने का तरीका बदल जाता है। कार्यशाला में गर्मी को लेकर वक्ताओं ने जानकारी दी। बागवानी विशेषज्ञ सुश्री नेहा बंसोड ने पानी देने के तरीके, पौधों का आहार, कटाई-छंटाई, मिट्टी की देखभाल, छांव की जरूरत, पौधों के तनाव और बीमारियों से बचाव जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर मार्गदर्शन दिया। वक्ता डॉ. अनिल सिंह चौहान ने गर्मी में हरियाली के सरल सूत्र एवं स्मार्ट सिंचाई के तरीके विषय चर्चा की। सेमिनार में डॉ. चौहान ने बताया कि गर्मी के मौसम में ज़िनिया, बालसम, गेलारडिया, गोमफ्रीना, सनफ्लावर, कॉसमॉस, पोटुलाका और कोचिया अच्छे से तैयार होते हैं। उन्होंने इनके बोने, देखभाल एवं रखरखाव के व्यावहारिक टिप्स भी साझा किए।

### जैविक खाद से 40 प्रतिशत जल संरक्षण संभव

कार्यशाला में ऑर्गेनिक मल्चिंग की तकनीक पर बताया कि पैरा, सूखी घास, लकड़ी की चिप्स और जैविक खाद के उपयोग से 40 प्रतिशत तक जल संरक्षण संभव है और पौधों की जड़ों की रक्षा भी होती है। शेड नेट का सही प्रयोग कर पौधों को चिलचिलाती धूप से बचाया जा सकता है। इसके अलावा ड्रिप इरिगेशन और माइक्रो ट्यूब सिंचाई प्रणाली पर भी चर्चा हुई। इस तकनीक से 60 से 70 प्रतिशत पानी की बचत संभव है और कम श्रम में बेहतर परिणाम मिलते हैं।

### बारिश में स्वतः सिंचाई बंद हो जाती है

सेमिनार में उन्होंने नल से जुड़ने वाले छोटे कंट्रोलर और टाइमरयुक्त पंप की जानकारी दी, जो पानी को स्वतः चालू और बंद करने में सक्षम हैं। इसके अलावा, उन्होंने कम लागत वाला आधुनिक वेदर स्टेशन भी प्रदर्शित किया, जिससे बारिश के समय स्वतः सिंचाई बंद हो जाती है। गर्मी के महीनों में उर्वरक एवं कीटनाशकों के सही उपयोग पर भी मार्गदर्शन दिया। प्रकृति प्रेमियों के विभिन्न प्रश्नों के समाधान वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. विजय जैन जी ने किया। प्रकृति की ओर सोसायटी के अध्यक्ष मोहन वर्ल्यानी ने स्वागत भाषण दिया। निर्भय धाड़ीवाल ने आभार व्यक्त और मंच संचालन डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में दलजीत बग्गा, आर. के. जैन, संजय शर्मा, ममता शर्मा, अनिल वर्मा, सीए पार्थ माहवार, सुषमा सामंतराय सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सुमधुर गीतों से बना संगीतमय वातावरण, हास परिहास के बीच पुरुषों पर भारी पड़ीं महिलाएं

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में मिडिल स्कूल ग्रुप (1977) के पारिवारिक मिलन समारोह में शामिल हुए लोगों ने खूब धूम-मस्ती के साथ विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया। इस मौके पर हाल ही में अपनी- अपनी सेवाओं से सेवानिवृत्त हुए शौकत इकबाल, सुबोध अग्रवाल और रविंद्र ठेंगड़ी को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अवतार सिंह ने पत्नी गजेंदर कौर का जन्मदिन मित्र समूह के साथ धूमधाम से मनाया। ग्रुप के मुखिया भागचंद झाबक ने बताया कि बुक क्रिकेट में महिलाओं का उत्साह देखने के लायक रहा। रविंद्र और रचना ठेंगड़ी के माध्यम से खेले गए इस रोमाचंक मैच में महिलाओं की टीम ने पुरुषों पर 26 रनों की शानदार जीत हासिल की। महिलाओं ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 150 रन बनाए। 151 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुरुषों की टीम का पहला विकेट शून्य पर और शुरुआती तीन विकेट महज 11 रन पर गिर गए। फिर एक के बाद एक विकेट गिरते गए और पूरी टीम 125 रनों पर सिमट गई। मैच के स्कोरर सुबोध अग्रवाल रहे।



### कोराओके संगीत ने मोहा मन

*भागचंद के अनुसार निशानेबाजी में सुधीर व सरिता दुबे 12 ग्लास गिराकर विजेता रहे। पत्नी के साथ मनोहर सोनी उपविजेता रहे। शंकर व पार्वती नायडू को तीसरे स्थान से संतोष करना पडा। दूसरी ओर महिलाओं के अल्फा बेटा गेम में सरिता दुबे विनर रहीं। रनर अप उषा दुरानी और थर्ड पोजिशन पर प्राची सोनी रहीं। रोचक गेम्स के बाद सदस्यों ने कोराओके संगीत पर एक से एक सुमधुर गीत गाकर माहौल को संगीतमय बनाया। समूचे कार्यक्रम का संचालन शंकर नायडू और आभार प्रदर्शन रविंद्र ठेंगड़ी ने किया। दिवंगत साथी मनोज बुंदेला और कमल डागा की दिवंगत पत्नी को श्रद्धांजलि देने के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।*

## नगर सैनिकों की भर्ती हेतु लिखित परीक्षा के लिए पंजीयन 30 मई तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) की ओर से नगर सेना अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं और एसडीआरएफ के अंतर्गत महिला और पुरुष नगर सैनिकों की भर्ती के लिए लिखित भर्ती परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। इच्छुक अभ्यर्थी व्यापम के वेबसाइट पर 30 मई तक आवेदन कर सकते हैं।

### परीक्षा की संभावित तिथि 22 जून तक

व्यापम द्वारा इस परीक्षा के लिए 17 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन लिया जा रहा है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 मई 2025 तक निर्धारित की गई है, परीक्षा की संभावित तिथि 22 जून 2025 है। परीक्षा केन्द्र रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर को बनाया गया है। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए व्यापम के वेबसाइट का अवलोकन कर सकते है।

कार्नर न्यूज

पंचायत सीरीज के निर्देशक ने छत्तीसगढ़ में बनाई वेब सीरीज, स्थानीय लोगों को मिला अभिनय का मौका

## ग्राम चिकित्सालय वेब सीरीज में दिखेगी सरकारी अस्पतालों की हकीकत, एनआईटी के प्रोफेसर निभाएंगे नेता का किरदार

**रायपुर।** घर की जिम्मेदारी और अपने सपनों के बीच संतुलन बनाकर चलना मुश्किल काम है, जहां अंत में किसी एक को छोड़ना पड़ता है। कुछ ऐसी कहानी रायपुर के अभिनेता अर्पित झा की है, जिन्होंने घर की जिम्मेदारी और माता-पिता की सेवा को प्राथमिकता दिया। लेकिन, अब जब उन्हें सालों बाद एक्टिंग फील्ड में बड़े प्लेटफॉर्म में काम करने का मौका मिला, तो उन्होंने अपने सालों पुराने सपने को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

अमेजन प्राइम वीडियो पर 9 मई को छत्तीसगढ़ में शूट की गई 'ग्राम चिकित्सालय नाटक वेब सीरीज' रिलीज होने जा रही है, जिसमें राजधानी के दो अभिनेताओं ने टीवीएफ प्रोडक्शन हाउस के साथ मिलकर ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए काम किया है। इसे पंचायत वेब सीरीज के डायरेक्टर दीपक कुमार मिश्रा के निर्देशन में तैयार किया गया है। हरिभूमि से खास बातचीत के दौरान कलाकारों ने जीवन के अबतक के सफर को याद किया और वेब सीरीज के अनुभव साझा किया है। मुंबई की प्रोडक्शन टीम ने रायपुर निवासी डॉ. भार्गव आयंगर का भी चयन ग्राम चिकित्सालय वेब सीरीज के लिए किया है, जो अभिनेता के साथ एनआईटी रायपुर के प्रोफेसर और रायडर भी है। चर्चा के दौरान डॉ. आयंगर ने बताया कि बचपन से एक्टिंग फील्ड में रुचि नहीं थी। पहली बार वेब सीरीज में काम करने का मौका मिल रहा है। 54 वर्ष की आयु में वेब सीरीज में काम करने का मौका मिल रहा, जो मेरे लिए गर्व की बात है। मेरी खुशी में मेरे विद्यार्थी और परिवार के सदस्यों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।

### जब जिम्मेदारियों के कारण सपने को पीछे छोड़ना पड़ा था



*अभिनेता अर्पित झा ने बताया कि वेब सीरीज में मशहूर अभिनेता अमोल पराशर, संजय मिश्रा और विनय पाठक के साथ काम करने का मौका मिला। शूटिंग के दौरान अभिनेता विनय पाठक ने मार्गदर्शन किया। साथ ही अपने अबतक के अनुभव साझा भी किया है। ओटीटी प्लेटफॉर्म से पहले सरकारी विज्ञापनों में काम करने का भी मौका मिला है, लेकिन वेब सीरीज में पहली बार काम करने का अवसर दिया गया। एक वक्त था जब घर की जिम्मेदारियों के कारण अपने सपने को पीछे छोड़ना पड़ा था, लेकिन अब 35 वर्ष की आयु में एक्टिंग का सपना पूरा होता नजर आ रहा है। बचपन से ही एक्टिंग में रुचि रही, जिसके कारण स्कूल-कॉलेज में थियेटर में काम भी किया है।*

### 200 का ऑडिशन के बाद मिला मौका

विशेष चर्चा के दौरान डॉ. आयंगर ने बताया कि वेब सीरीज में छत्तीसगढ़ के लोगों को भी महत्व दिया गया है, इसकी शूटिंग डोंगरगढ़ के नजदीक गांव में की गई। प्रोडक्शन हाउस ने लगभग 200 का ऑडिशन लिया, जिसके बाद वेब सीरीज के दो मुख्य किरदार के लिए हमारा चयन किया गया है। जहां बॉलीवुड और ओटीटी प्लेटफॉर्म में मशहूर अभिनेताओं के साथ काम करने का मौका मिला है। ग्राम चिकित्सालय वेब सीरीज में गांव की स्थिति को दर्शाया गया है, जिसमें सरकारी अस्पतालों में कर्मचारियों की लापरवाही और झोला छाप डॉक्टर के इलाज से लोगों की समस्या को बताने का प्रयास किया गया। इस दौरान गांव की समस्या में दो विपक्षी नेताओं की आपसी तकरार दिखाया गया है, जिसमें नेता के दो मुख्य कार्यकर्ता का किरदार अभिनेता अर्पित झा और अभिनेता डॉ. भार्गव आयंगर द्वारा निभाया जा रहा। इस दौरान वेब सीरीज में गाधनराज और किशोर नाम से किरदार दिया गया।

# स्टार्स की तरह बच्चों ने स्टेज पर टैलेंट दिखाया कैटवॉक करते हुए बिखेरा फैशन का जलवा

## राजधानी के बच्चों में छिपी प्रतिभा को तराशने के लिए किए गए दो आयोजनों में प्रतिभागियों ने मचाई धूम

**रायपुर।** युवा चौपाल संस्था द्वारा यूथ कार्निवल का आयोजन सिविल लाइन स्थित वृंदावन हाल में किया गया। जहां तीन एज ग्रुप के प्रतिभागियों ने कला का प्रदर्शन किया। टैलेंट हंट, डांस और फैशन शो में 6- 15 साल के कलाकारों की शानदार कलाकारी देखने को मिली। बच्चों का स्वागत भी तालियों की गूंज के साथ किया गया। एक दिवसीय स्पर्धा में लगभग 90 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। स्टेज पर उन्होंने फिल्म स्टार्स की तरह डांस, शास्त्रीय संगीत और नृत्य जैसे कई विधा का प्रदर्शन किया। इसकी शुरुआत से अंत तक माता-पिता भी दर्शक दीर्घा में बच्चों का मनोबल बढ़ाते दिखे। इसमें नारी चौपाल की अध्यक्ष डॉ. आरती उपाध्याय, युवा चौपाल अध्यक्ष आलोक शर्मा, सुरेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में आयोजन व संचालन किया गया।

> ‘शहर के वृन्दावन हाल और मैग्नेटो मॉल में 6 से 15 साल के बच्चों में छिपे टैलेंट को निखारने के लिए रविवार की शाम को भव्य आयोजन किया गया। यूथ कॉर्निवल में टैलेंट हंट, डांस और फैशन का जलवा बिखेरने प्रतिभागी स्टार्स की तरह ही स्टेज पर आए। कैटवॉक करते हुए फैशन का ऐसा जलवा बिखेरा कि उनकी अदाओं को देखकर अच्छे-अच्छे धुरंधर तक दंग रह गए। निर्णायकों के सामने उनके टैलेंट को जज करने की चुनौती रही।’

### चित्रांश ने जीता दर्शकों का दिल

बैच नंबर 63 कंटेस्टेंट चित्रांश की एंट्री और एटीट्यूड उनके डांस मूमेंट की तरह काबिले तारीफ रही। सात वर्षीय डांसर ने मंच पर दुश्मन की वाट लावली...,गाने से शुरुआत की। इस दौरान बॉलीवुड फ्री-स्टाइल डांस लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। इसमें काटवील फ्लिप डांस, फ्रंट ओवर, हैड स्टंट और हैड स्पीन डांस मूव देखने को मिला। जोशीले अंदाज में डांस करते हुए चित्रांश ने दर्शकों को भी थिरकने के लिए मजबूर किया।










### मैग्नेटो मॉल में मासूमियत से बटोरी तालियां

मैग्नेटो मॉल में रविवार को एक रंगारंग किड्स फैशन शो का आयोजन किया गया। इसमें 4 से 13 वर्ष के बच्चों ने भाग लिया। छोटे-छोटे बच्चों ने विभिन्न परिधानों में रैम्प वॉक करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने पारंपरिक ही नहीं, वेस्टर्न परिधान में भी आत्मविश्वास के साथ मंच पर कदम रखा। मासूम अदाओं और फैशन के प्रति उनके आत्मविश्वास ने पूरे माहौल को जीवंत बनाया। मंच का संचालन आर्यन राव ने किया। उन्होंने बताया कि यह किड्स मॉडल हंट एक प्रतियोगिता है। इसमें बेस्ट मॉडल त्रिशा वर्मा, बेस्ट स्माइल पूर्वी वर्मा और बेस्ट ड्रेसअप के लिए अनन्या सारंग का चयन किया गया।

### यूट्यूब से सीखा कत्थक नृत्य

रघुकुल रीत सदा चली आयी, प्राण जाए पर वचन न जाई...प्रतिभागी खुशबु श्रीवास ने मंच पर आते ही अदाओं का जलवा बिखेरना शुरू किया। संगीत की धुन पर प्रतिभागी के चेहरे का हाव-भाव देखने को मिला, जो दर्शकों के साथ निर्णायकों के लिए भी अद्भुत रहा। 12 वर्षीय प्रतिभागी ने मंच पर कत्थक नृत्य पेश किया। हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने बताया कि 2-3 मिनट की प्रस्तुति के पीछे 15-20 दिनों की मेहनत हैं। प्रतियोगिता से पहले यूट्यूब से कत्थक सीखा, जो मंझे हुए कलाकारों की तरह हाव-भाव व हाथों की कलाकारी के साथ पेश किया।










### मुखौटा डांस ने लूटी वाहवाही

अरे जा रे हट नटखट.. गीत पर ओशी नेताम ने डांस पेश किया। प्रतिभागी ने लड़की का किरदार खुद निभाया और लड़के के किरदार को मुखौटे की मदद से निभाया। गाना शुरू होते ही बारी-बारी से अनोखे डांस की शुरुआत हुई। देर-रात तक जारी रहे आयोजन में लंदन ठुमकदा....,शिव तांडव.. लुक-छुप ना जाओ जी.. शंकरा रे शंकरा..जैसे गानों पर प्रस्तुति दी गई। अंत में फैशन शो का आयोजन किया गया। इसमें अदाकारों ने दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी।

**आराधना**

# पूजा पंडाल में एल्लमा माता रूप में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़



**रायपुर।** डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में जारी शोलापुरी माता पूजा उत्सव में रविवार को भक्तिमय माहौल रहा। अवकाश का दिन होने से दिन में लोग परिवार के साथ पूजा का हिस्सा बनने के लिए सैकड़ों की तादाद में पहुंचे। शाम को आरती के समय माता ने भक्तों को एल्लमा माता रूप में दर्शन दिया। उनकी झलक पाने के लिए श्रद्धालुओं का विशाल जन सैलाब उमड़ा। हर साल की तरह पूजा उत्सव स्थल पर सजाए गए भव्य पंडाल में मुख्य पुजारी मोहन राव के मार्गदर्शन में तीन बाल पुजारी सेवा दे रहे हैं। वहीं, श्रीश्रीश्री शोलापुरी माता पूजा उत्सव समिति के अध्यक्ष बी. श्रीनिवास राव, सचिव एम. वेंकट रमना, कोषाध्यक्ष एल. वेंकटेश्वर राव सहयोग दे रहे हैं, ताकि लोगों को परेशानी न होने पाए।

### मनोरंजन की सुविधा देने लगा भव्य मेला

समिति के सलाहकार डी. गोविंद राव ने बताया कि पंडाल के आसपास दूरदराज से आने वाले लोगों की सुविधा के लिए जहां खानपान की सुविधा देने के लिए स्टाल सजाए गए हैं। वहीं, उनके साथ आने वाले बच्चों को मनोरंजन की सुविधा देने के लिए कई तरह के झूले और गेम्स खेलने का अवसर भी मिलता है। इससे पंडाल क्षेत्र में भक्ति के साथ ही मनोरंजक माहौल भी बन रहा है। इसमें शामिल होने के लिए लोग रायपुर के अलग-अलग क्षेत्र से ही नहीं, बल्कि दुर्ग, भिलाई और बिलासपुर से भी परिवार के साथ पहुंचते हैं।

**धर्म लाइव**

# गंगा सप्तमी पर भागीरथी जलाभिषेक, जल स्रोतों के संरक्षण व स्वच्छता का संकल्प



**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन व निर्देशन में नए संकल्प के साथ काम करने का निर्णय लिया गया। जल स्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए गंगा सप्तमी पर रविवार को नई पहल की गई। इस कड़ी में भागीरथी जलाभिषेक अभियान भी चलाया गया। गायत्री परिवार के परिजनों ने भी लालपुर स्थित शीतला तालाब, चंगोराभाटा स्थित महादेवा तालाब के साथ अवंती विहार तालाब की सफाई करके क्षेत्र के जल स्रोतों को स्वच्छ रखने एवं उनका संरक्षण करने का संकल्प लिया।

### अपनी जटाओं में धारण कर लिया

उन्होंने आगे बताया कि राजा सगर के 60,000 पुत्र थे, जिन्हें महर्षि कपिल के श्राप से भस्म कर दिया था। राजा सगर के पुत्रों को मोक्ष दिलाने के लिए राजा भागीरथ ने कठोर तपस्या की और गंगा नदी को स्वर्ग से धरती पर लाने के लिए प्रार्थना की। भागीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर देवी गंगा ने धरती पर आने को तैयार हो गई। देवी गंगा का वेग इतना तेज था कि पृथ्वी उसे सहन नहीं कर सकती थी। इसे देखते हुए भगवान शिव ने गंगा को अपनी जटाओं में धारण कर लिया और नियंत्रित रूप से धरती पर अवतरित होने दिया। शिव ने गंगा को अपनी जटाओं में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को धारण किया।

### नदी, झरने, तालाब, कुएं बचाने पहल

*गायत्री परिवार द्वारा हर साल गंगा सप्तमी के दिन से भागीरथी जलाभिषेक अभियान शुरू किया जाता है, जो वर्षभर चलता है। निकटम जल स्रोतों में नदी, झरने, तालाब, कुएं, बावड़ियां, नलकूप आदि को मां गंगा का ही रूप मानकर उन्हें निर्मल व अविरल बनाने के लिए अभियान चलाया गया। मीडिया प्रभारी प्रज्ञा प्रकाश निगम ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य जल स्रोतों को स्वच्छ एवं उनका संरक्षण करना है। साथ ही लोगों को इसके लिए प्रेरित करना है। इसके लिए प्रशासन एवं सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से श्रमदान करना है। सफाई के दौरान मुख्य रूप से वार्ड पार्षद यदाराम साहू, उपजोन समन्वयक सीपी साहू, मोहनलाल साहू, हीरालाल साहू शामिल हुए।*

मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजन, सीएम विष्णु देव साय हुए शामिल

# शोभायात्रा में चित्रगुप्त की भव्य झांकी संग रंगारंग उत्सव, छलका युवा उत्साह



**रायपुर।** शहर में चित्रांश उत्सव बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस भव्य आयोजन में हजारों की संख्या में कायस्थ समाज के लोग रविवार की रात शामिल हुए। इसकी शुरुआत समाज के बच्चों द्वारा पेश किए गए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुआ। इसमें हर वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर शिरकत की। इससे पहले भगवान चित्रगुप्त की विधिवत पूजा-अर्चना और आरती की गई। इसके बाद विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम, जेल रोड में समाप्त हुई। शोभायात्रा में श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और भक्ति संगीत के साथ भगवान चित्रगुप्त की झांकी सजाई गई। अगले चरण में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय कलाकारों ने प्रस्तुति दी।



**सीएम साय ने कहा- गौरवशाली रहा समाज का इतिहास :** सीएम विष्णु देव साय ने भगवान चित्रगुप्त जयंती पर जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान चित्रगुप्त न्याय, ज्ञान और लेखांकन के प्रतीक हैं। वे लोगों के कर्मों का लेखा-जोखा रखने के साथ हमें सत्य, धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। कायस्थ समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। समाज के लोगों ने हमेशा ज्ञान, शिक्षा, प्रशासन और न्याय के क्षेत्र में योगदान दिया है। सीएम ने इस आयोजन के लिए संयोजक संजय श्रीवास्तव और कायस्थ समाज को बधाई दी तथा चित्रगुप्त से सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सद्गुणों के लिए कामना की।



### उत्सव में शामिल हुआ कायस्थ समाज

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने चित्रगुप्त जयंती पर शुभकामना दी। समाज के योगदान के लिए सराहना की। मीडिया प्रभारी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि चित्रांश उत्सव के भव्य आयोजन ने रायपुर शहर को सामाजिक व सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया। इसमें वैभव श्रीवास्तव, नितिन खरे, अनामय श्रीवास्तव, निकेत श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, प्रियांशु श्रीवास्तव प्रमुख रूप से शामिल हुए। सिंधु एकता संघ सिंधी समाज ने कचहरी चौक गरचा कांप्लेक्स के बाहर चित्रांश उत्सव का भव्य स्वागत किया। पटाखे फोड़कर झांकी का स्वागत स्वल्पाहार व मठा वितरण करके किया। इसमें सुभाष बजाज, चंदू माखीजा, श्याम गजवानी, कुमार बोधवानी, चंदन पंजवानी, सुरेंद्र जेसरानी प्रमुख रूप से शामिल हुए।

# व्यक्ति को तनाव मुक्त होने समस्यावादी नहीं, समाधानवादी बनने की जरूरत

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान मंदिर में विशेष पारिवारिक प्रवचन श्रृंखला ‘तनाव मुक्त जीवन की ओर एक संस्कारित पहल’ के अंतर्गत परम पूज्य उपाध्याय भगवंत श्री मनीष सागर जी म.सा. ने तीसरे दिन रविवार को जीवन में तनाव मुक्त रहने का मूलमंत्र देते हुए बताया कि नाटक में अभिनय करने वाले कलाकारों को जैसा अभ्यास करना पड़ता है, वैसा ही अभ्यास आपको जीवन में तनाव मुक्त रहने के लिए करना पड़ेगा। हमें तनाव इसलिए होता है, क्योंकि हम इच्छा रहित नहीं हो सकते। हमारी इच्छाएं बढ़ती ही जाती हैं। लेकिन, हमें इसे नियंत्रण में रखना होगा और संतोषप्रद जीवन जीना होगा। जीवन में हमें समस्यावादी नहीं, समाधानवादी बनना होगा, तभी हम वर्तमान को तनाव मुक्त जी सकेंगे। गुरु भगवंत ने आगे कहा कि जीवन है तो आपके सामने अनेक परिस्थितियां आएंगी, उन परिस्थितियों को हम समस्या समझने लगते हैं। वह परिस्थितियों जो हमारे अनुकूल नहीं होती, उन्हें हम समस्या का नाम देते हैं। हमें समस्या को जानना है और उसका समाधान करना है, ना की समस्या को जानकर उसमें उलझे रहना है।



### जो सोचता है कि आज समस्या नहीं आएगी, वह मूर्ख होगा

गुरु भगवंत ने कहा कि हम अपने जीवन में अनुकूल परिस्थितियों देखना चाहते हैं, लेकिन वह होता नहीं, उसे हम समस्या का नाम देते हैं और यह समस्या आएगी ही आएगी। जो व्यक्ति सुबह उठकर यह सोचता है कि आज मेरे जीवन में कोई समस्या नहीं आने वाली, वह व्यक्ति कोई मूर्ख ही हो सकता है। आपके सपने ऊंचे हैं, लेकिन अगर आपका पुण्य कमजोर है तो भी कई बार आपको अनुकूल परिस्थितियां नहीं मिलती। सभी अमीर बनना चाहते हैं, करोड़पति व्यक्ति अरबपति बनना चाहता है और अरबपति व्यक्ति खरबपति बनना चाहता है। जब कोई करोड़पति व्यक्ति अरबों के ठेके का टेंडर फार्म भरता है और उसे वह हासिल नहीं होता तो उसे निराश नहीं होना चाहिए, उसे करोड़पति होने का सुख लेना चाहिए। जबकि, वह अरबपति नहीं बन पाने का दुख मनाता रहता है और कई दिन इसी दुख में बर्बाद कर देता है। तो बताइए नुकसान किसका हुआ।

# भगवा ध्वज के साथ भव्य शोभायात्रा शंकराचार्य जयंती पर वैचारिक मंथन

## सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के आयोजन में शामिल हुए डिप्टी सीएम साव

**रायपुर।** शहीद स्मारक भवन में छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज के तत्वावधान में सुबह 11 बजे समाज के लोगों ने जयस्तंभ चौक तक भव्य शोभायात्रा निकाली। वहां से वापस लौटने के बाद आदि जगदगुरु शंकराचार्य भगवान की जयंती उत्सव का शुभारंभ किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मोहन पुरी गोस्वामी की अध्यक्षता में यह आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश एवं जिलों के प्रतिनिधि एवं सामाजिक महंत तथा सामाजिक लोग शामिल हुए। मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरुण साव थे। अध्यक्षता महापौर मीनल चौबे ने की। वहीं, विशेष अतिथि के रूप में डॉ. महंत रामसुन्दर दास, महंत विवेक गिरी, निजा सरस्वती जी मंचस्थ थे। डिप्टी सीएम साव ने कहा कि भगवान



शंकराचार्य ने सनातन को मजबूत करने के लिए जो काम किया, उनका सनातनी समाज ऋणी रहेगा। उनके प्रयास से सनातनियों के चारों धाम की व्यवस्था सुदृढ़ हो पाई।

### उनके प्रयास से सनातन की सुरक्षा

महंत रामसुन्दर दास और विवेक गिरी ने कहा कि शंकराचार्य जैसी हस्तियां अगर भारत में न होती तो शायद सनातन का सुरक्षित रह पाना असंभव था। उन्होंने जयंती पर बताया कि भारत में स्थित सनातन धर्म की सुरक्षा उन्ही का प्रयास है। दूसरे सत्र में महापौर मीनल चौबे ने सनातन गोस्वामी समाज के इस आयोजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसमें शामिल होकर बहुत खुशी हुई। सरोकार से जुड़े वरिष्ठजनों, सत्र 2024 में 10वीं-12वीं में अच्छे अंक से पास होने वाले समाज के 27 विद्यार्थियों का अतिथियों ने सम्मान किया। यह जानकारी नरेन्द्र पुरी, प्रचार सचिव हेमंत बन गोस्वामी ने दी। महंत हरभूषण गिरी, महंत विनोद पुरी, महंत सुरेन्द्र पुरी, महंत चिंतामणी गिरी ने भी जयंती समारोह में शामिल लोगों को संबोधित किया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### एलिट ग्रुप क्रिकेट में रायपुर के सुहैल और बीएसपी के देव ने लिए 4-4 विकेट



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट टी-20 टुर्नामेंट 2024-25 26 अप्रैल से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमें भाग ले रही है। 03 मई को 2 मैच खेले गये।

**महासमुंद के विरुद्ध रायपुर ब्लू की 4 विकेट से जीत :** पहला टी 20 मैच महासमुंद एवं रायपुर ब्लू के मध्य आर डी सी ए मैदान, रायपुर में खेला गया। महासमुंद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। महासमुंद ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 18.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 126 रन ही बनाये। महासमुंद की ओर से हामिद ने 33 रन तथा मनीष शर्मा ने 23 रन बनाये। रायपुर ब्लू की ओर से मो. सुहैल ने 4 विकेट, भरत गोंडवानी तथा वरुण सिंह भुई ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 127 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रायपुर ब्लू ने 17.3 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। रायपुर ब्लू की ओर से ऋषि शर्मा ने 42 रन तथा कीवनुर सिंह 29 रन बनाये। महासमुंद की ओर से सुधांशु वर्मा तथा देव राय ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ब्लू ने मैच 4 विकेट से जीत लिया।

**जांजगीर चांपा के विरुद्ध बी.एस.पी. की 7 विकेट से जीत :** दूसरा टी 20 मैच बी.एस.पी. एवं जांजगीर चांपा के मध्य भिलाई सिविक सेंटर मैदान में खेला गया। बी.एस.पी. ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। जांजगीर चांपा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 19.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 117 रन ही बनाये। जांजगीर चांपा की ओर से सौरभ ने सर्वाधिक 37 रन तथा शाहबान खान ने 20 रन बनाये। वहीं बी.एस.पी. की ओर से देव आदित्य सिंह ने 4 विकेट प्राप्त किये। 118 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बी.एस.पी. ने 14.1 ओवरों में 3 विकेट खोकर 119 रन बनाकर आसानी से मैच जीत लिया। बी.एस.पी. की ओर से कार्तिक नायडु ने 60 रन तथा संगीत सोनी ने 45 रन नाबाद बनाये। वहीं जांजगीर चांपा की ओर से लव्यम, शाहबान तथा आयुष षर्मा ने 1-1 विकेट लिये। बी.एस.पी. ने मैच 7 विकेट से जीत लिया।

### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर शुरू



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ (सेक्रसा) द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन कोचिंग शिविर का शुभारंभ हो चुका है। इस शिविर का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों, उनके परिजनों तथा स्थानीय नागरिकों को खेलों के प्रति प्रेरित करना, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा एक मजबूत खेल संस्कृति का निर्माण करना है। यह शिविर 1 मई से 15 जून तक सेक्रसा के खेल परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभागियों को तीरंदाजी, मुक्केबाजी और क्रिकेट जैसे खेलों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्य अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा किया जा रहा है।

साथ ही, नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट (एनईआई), बिलासपुर में भी ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हो गया है, जिसमें विभिन्न खेलों और रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें विशेष रूप से फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, मार्शल आर्ट, शतरंज, ड्राइंग, पेंटिंग और एडवांस योगा जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। यह शिविर विद्यार्थियों और युवाओं के लिए सीखने, सशक्त बनने और अपनी प्रतिभा निखारने का सुनहरा अवसर है।

### राज्य स्तरीय म्यू थाई चैंपियनशिप में 36 स्वर्ण जीत कर रायपुर ओवरऑल चैंपियन



**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त संस्था आईएफएमए की भारत मे मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया के तत्वावधान में म्यू थाई स्पोर्ट्स एसोसिएशन हरियाणा द्वारा सीनियर, जूनियर, सब जूनियर (बालक – बालिका) वर्ग की राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप का आयोजन 09 से 14 जून तक एमडी यूनिवर्सिटी, रोहतक (हरियाणा) में होगा। यह जानकारी देते हुए राज्य म्यू थाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू, महासचिव अनीस मेमन ने आगे बताया कि राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के दल के चयन हेतू ओपन एयर थिएटर, दल्लीराजहरा में 02 से 03 मई को 24वीं राज्य स्तरीय म्यू थाई चैंपियनशिप का आयोजन छ ग एमेच्योर म्यू थाई एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला संघ बालोद एवं राजहरा मार्शल आर्ट्स क्लब के द्वारा आयोजित किया गया।

## पूरी दुनिया में वैज्ञानिक इस बात पर एकमत हैं कि जंक फूड लोगों की नींद छीन रहा

# जंक फूड सिर्फ पेट ही नहीं नींद को भी करता है खराब, चैन से सो नहीं पाते लोग

वैज्ञानिक और कई शोध यह बता चुके हैं कि जंक फूड का सेवन हमारी गहरी नींद की गुणवत्ता को काफी हद तक प्रभावित करता है। नींद के मुख्य रूप से पांच चरण होते हैं, जिनमें तीसरा चरण गहरी नींद है, जिसे स्लो-वेव स्लीप या नॉन-रैपिड आई मूवमेंट (एनआरईएम) के रूप में जाना जाता है। यह नींद चक्र का सबसे महत्वपूर्ण चरण होता है, क्योंकि इसमें ही हमें सबसे ज्यादा आरामदायक नींद आती है। नींद का यह चरण ठीक न होने से हमें कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रकाशित होने वाली 'ओबेसिटी' पत्रिका में एक अध्ययन प्रकाशित हुआ। यह अध्ययन स्वीडन की उप्साला यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा किया गया था। इसमें बताया गया कि नींद बहुत ही गतिशील होती है और इसके कई चरण होते हैं। इन चरणों में मस्तिष्क में विभिन्न प्रकार की विद्युत गतिविधियां होती हैं। नींद का सबसे महत्वपूर्ण चरण गहरी नींद (धीमी नींद) है। यह हार्मोन के स्राव के साथ कुछ पहलुओं को भी नियंत्रित करती है, जैसे कि आपकी नींद कितनी आरामदायक होगी। गहरी नींद मांसपेशियों, हड्डियों और ऊतकों के निर्माण के साथ उनकी मरम्मत में भी मदद करती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है।



### कितना सोना है जरूरी

गहरी नींद मस्तिष्क से अपशिष्ट उत्पादों को हटाकर उसे स्वस्थ रखने में मदद करती है। जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, नींद के पैटर्न में बदलाव आते हैं। समय के साथ नींद की मात्रा और गुणवत्ता में कमी आती है। गहरी नींद न लेने से आपको मानसिक परेशानियां हो सकती हैं और कई अन्य विकार भी घेर सकते हैं।




तो क्या बहुत अधिक नींद लेने से कोई समस्या नहीं होगी? कैमब्रिज विश्वविद्यालय के अध्ययनकर्ताओं ने 5 लाख वयस्कों के डेटा का विश्लेषण किया, जिसमें पाया कि अत्यधिक नींद लेना भी मानसिक स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। वैज्ञानिक पत्रिका 'नेचर एजिंग' में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, सात घंटे की नींद वयस्कों के लिए सर्वोत्तम है। जो लोग अधिक या कम सोते हैं, वे एंग्जायटी और डिप्रेशन का अधिक शिकार होते हैं।

### उम्र के हिसाब से

नवजात शिशु को 14 से 17 घंटे की नींद की आवश्यकता होती है। इससे बच्चे का विकास ठीक ढंग से होता है। एक से दो साल के बच्चे को 11 से 14 घंटे सोना चाहिए। तीन से पांच साल के बच्चे लर्निंग फेज में होते हैं। ऐसे में उन्हें 10 से 13 घंटे तक सोना चाहिए।

6 से 12 साल के बच्चों को 9-12 घंटे की नींद लेनी चाहिए, क्योंकि इस दौरान उनके शरीर का विकास होता है और लंबाई भी बढ़ रही होती है। 13 से 18 साल के बच्चों में किशोरावस्था एक ऐसा समय होता है, जब पढ़ाई का दबाव उन पर सबसे ज्यादा रहता है। ऐसे में सही विकास के लिए उन्हें 8 से 10 घंटे की नींद की जरूरत होती है।

18 से 64 साल तक के वयस्कों का



अधिकतर समय काम और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच बीतता है और तनाव भी अधिक होता है, इसलिए उन्हें 7 से 9 घंटे तक सोना चाहिए।

64 साल से अधिक उम्र में काम करने की क्षमता कम हो जाती है और ऊर्जा की अधिक जरूरत होती है। कई लोग तो शारीरिक समस्याओं से भी जूझते हैं और उनके लिए ठीक से चल पाना भी मुश्किल होता है। ऐसे में उन्हें 7 से 8 घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए।



## नियमित योगासन के बावजूद नहीं मिलता परिणाम, जानिए कुछ वजह

खुद को स्वस्थ रखने के लिए हम सभी कई तरीकों को अपनाते हैं। इनमें योगाभ्यास करना काफी अच्छा माना जाता है। योगाभ्यास को बच्चे से लेकर बूढ़े व्यक्ति तक, हर कोई बिना किसी परेशानी के कर सकता है। योग आपको वजन कम करने या फिर शरीर को अधिक फ्लेक्सिबल बनाने में ही मदद नहीं करता है, बल्कि इसके जरिए आप शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रह सकते हैं। यह कई तरह की गंभीर बीमारियों को ठीक करने में भी मददगार है।

शायद यही कारण है कि आज पूरी दुनिया में लोग योग के महत्व को समझने लगे हैं और नियमित रूप से योगाभ्यास करने लगे हैं। हो सकता है कि आपने भी स्वस्थ रहने के लिए योग का रास्ता अपनाया हो। लेकिन नियमित रूप से योगाभ्यास करने के बाद भी अगर आपको रिजल्ट नहीं मिल रहा है तो इसके पीछे कई कारण जिम्मेदार हो सकते हैं।

### गलत तरीके से योगाभ्यास करना

अगर आप चाहते हैं कि आपको योगासनों से पूरा लाभ मिले, तो इसके लिए आपकी तकनीक भी सही होनी चाहिए। हालांकि, अधिकतर लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे उन्हें मनचाहा परिणाम नहीं मिल पाता। आपकी योग मुद्रा से लेकर श्वास लेने का तरीका भी सही होना चाहिए। जब आप शरीर के अंगों पर बेवजह अतिरिक्त दबाव देते हैं



या फिर गलत तरीके से योगासन करते हैं तो आपको कोई लाभ नहीं मिल पाता है।

### आहार पर ध्यान ना देना

सिर्फ योगाभ्यास करने से ही किसी व्यक्ति को अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सकता है। अगर आप अपने आहार या खान-पान का ध्यान नहीं रखते हैं तो इससे योगाभ्यास के प्रभाव बेहद ही सीमित हो जाते हैं। इसलिए, नियमित रूप से योगाभ्यास करने के साथ-साथ आप पोषक तत्वों से युक्त संतुलित आहार अवश्य लें।

### स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या

हर व्यक्ति अलग होता है और इसलिए उसे कुछ अलग तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में अगर आप दूसरों की देखा-देखी योगाभ्यास करते हैं तो यह हो सकता है कि आपको कोई लाभ ना मिले। आपको शायद यह पता ना हो, लेकिन एक ही आसन को कई अलग-अलग वैरिएशन के साथ किया जा सकता है। इसलिए, आप हमेशा अपनी स्वास्थ्य समस्या को ध्यान में रखकर ही योगाभ्यास करें। यूं तो योगाभ्यास करने से व्यक्ति का तन व मन शांत होता है और उसे अच्छी नींद आती है। लेकिन अगर आप खुद को अक्सर तनावग्रस्त महसूस करते हैं और काम के चक्कर में पर्याप्त नींद नहीं लेते हैं तो इससे भी आपको योगाभ्यास से अपेक्षिकत परिणाम नहीं मिल पाते हैं।

## नियमित पूजा में न करें ये गलतियां, लग सकता है दोष



हम सभी अपने-अपने घरों में रोजाना पूजा करते हैं। पूजा करना हमारे दैनिक कामों में से एक माना जाता है। नियमित पूजा करने से जुड़ी कई बातें ज्योतिष शास्त्र में बताई गई हैं। साथ ही, कुछ नियमों का भी उल्लेख मिलता है जिनका पालन हमें अवश्य करना चाहिए।

हम सभी अपने-अपने घरों में रोजाना पूजा करते हैं। पूजा करना हमारे दैनिक कामों में से एक माना जाता है। नियमित पूजा करने से जुड़ी कई बातें ज्योतिष शास्त्र में बताई गई हैं। साथ ही, कुछ नियमों का भी उल्लेख मिलता है जिनका पालन हमें अवश्य करना चाहिए। अगर इन नियमों का पलान न किया जाए तो इससे पूजा में दोष उत्पन्न होता है। ऐसे में ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से आइये जानते हैं कि नियमित पूजा के दौरान किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और कौन सी गलतियां करने से बचना चाहिए।

### पूजा से पहले मंदिर को याद से करें स्वच्छ

रोजाना की पूजा शुरू करने से पहले जिस प्रकार आप खुद का शरीर स्नान करके स्वच्छ करते हैं। ठीक वैसे ही मंदिर को भी रोजाना पूजा शुरू करने से पहले अवश्य साफ करना चाहिए। मंदिर में चढ़े हुए पुराने फूलों को हटाना चाहिए और नए फूलों से मंदिर को दोबारा सजाना चाहिए।

### बिना आसन के भूल से भी न करें पूजा

नियमित पूजा शुरू करने से पहले आसन लेकर अवश्य बैठें। शास्त्रों में इस बात का उल्लेख मिलता है कि खड़े रहकर कभी भी पूजा नहीं करनी चाहिए और बैठकर पूजा करते समय आसन होना जरूरी है। शास्त्रों में आसन को दिव्यता प्रदान करने वाला बताया गया है।

### नियमित पूजा में शामिल करें मंत्र जाप

नियमित पूजा में आप जो कुछ भी करते हैं, उसे उसी तरह करें लेकिन मंत्र जाप अवश्य जोड़ लें। ऐसा माना जाता है कि जब हम किसी मंत्र को रोजाना जपते हैं तो वह मंत्र धीरे-धीरे सिद्ध होने लग जाता है। शास्त्रों में ऐसा बताया गया है कि जब कोई मंत्र सिद्ध होता है उससे अनेकों लाभ मिलते हैं।

### पूजा के बाद आसन उठाना न भूलें

पूजा करने के बाद आसन अवश्य उठाना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर पूजा के बाद आसन यूं ही पड़ा छूट जाए तो आपकी सारी पूजा में दोष लग जाता है और पूजा व्यर्थ हो जाती है। इसलिए पूजा के बाद आसन जरूर उठाएं और आसन उठाने से पहले आसन के नीचे जल अवश्य छिड़कें।

## अचार रखना है लम्बे समय तक तो अपनाएं ऐसे बर्तन



आप जिस तरह के कंटेनर में अचार को स्टोर करते हैं, अचार को लंबे समय तक खराब होने या न होने में महत्वपूर्ण है। यदि आपको भी यह नहीं पता कि अचार को रखने के लिए कौन सा बर्तन सही होगा, तो चलिए जानते हैं इसके बारे में...

आज के समय में कांच का जारआसानी से सभी घरों में मिल जाता है और इसमें चीजें रखने से मटेरियल और सामग्री रिएक्ट नहीं करती है। इसलिए यह अचार और बाकी चीजें स्टोर करने के लिए बेस्ट है। अचार का स्वाद खट्टा और मसाले दार होता है, जो दूसरे बर्तनों के धातु के साथ रिएक्ट कर जाता है। ऐसे में अचार सालों साल अपने स्वाद और सुगंध को बरकरार रखे।

## आपके बच्चे अब कॉलेज में दाखिला लेने लायक हो रहे, पैरेंट्स भी करें तैयारियां

10वीं और 12वीं के बोर्ड परीक्षा परिणाम के बाद बच्चे जीवन के एक नए सफर पर निकलने को तैयार हो जाते हैं। यह सफर स्कूल से कॉलेज लाइफ का है। 12वीं के बाद बच्चे अपना करियर तय करते हुए उस के मुताबिक विषय चुनते हैं। विषय और करियर को ध्यान में रखते हुए कॉलेज का चयन किया जाता है और दाखिले की प्रक्रिया होती है। इस बार अगर आपका बच्चा भी स्कूल छोड़ कॉलेज जाने की उम्र में है तो बतौर



अभिभावक उनके करियर और भविष्य को लेकर आपकी चिंता भी लाजमी है।

स्कूल के जीवन और कॉलेज लाइफ में काफी फर्क होता है। स्कूल में शिक्षकों की देखरेख और माता पिता की निगरानी में रहने वाला बच्चा अब उम्र में तो बढ़ता ही है, साथ ही ऐसे परिवेश में जाता है, जहां वह लगभग स्वतंत्र होने लगता है। यहां से बच्चे के निजी विचार पनपने शुरू होते हैं। स्कूल बस की जगह अब बच्चा अपनी बाइक-स्कूटी या कार खुद चलाकर कॉलेज जाने की राह पर आ गया होता है।















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'मिशन इम्पॉसिबल' की टीम ने बर्फीले इलाके में की शूटिंग, टॉम क्रूज ने शेयर किया वीडियो



टॉम क्रूज अपनी एक्शन थ्रिलर फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग' की शूटिंग में व्यस्त हैं। टॉम ने फिल्म की शूटिंग का एक शानदार बिहाइंड-द-सीन वीडियो शेयर किया है, जो प्रशंसकों के बीच जमकर वायरल हो रहा है।

हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज ने अपनी आगामी लोकप्रिय जासूसी-एक्शन फिल्म सीरीज, 'मिशन इम्पॉसिबल' की लोकेशन शूटिंग का एक शानदार वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जो प्रशंसकों के बीच वायरल हो रहा है।

62 साल के टॉम ने अपने प्रशंसकों के लिए इंस्टाग्राम पर स्वालबार्ड से एक खास वीडियो शेयर किया है। यह वीडियो उनकी आगामी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल' का है। स्वालबार्ड, नॉर्वे और उत्तरी ध्रुव के बीच का एक बेहद ठंडा और बर्फीला इलाका है। टॉम ने इस शानदार वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'स्वालबार्ड जैसी जगह को दर्शकों के सामने लाना सौभाग्य की बात है। यह हर मायने में अद्भुत है और हम आपके द्वारा इसे सिनेमाघरों में देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।' टॉम की फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल- फाइनल चैप्टर' 23 मई, 2025 को रिलीज होगी। इस वीडियो में स्वालबार्ड की खूबसूरत और ठंडी जगह दिखाई गई, जहां फिल्म की शूटिंग चल रही है। वीडियो में टॉम और उनकी टीम को दिखाया गया है, जो कड़ाके की ठंड और मुश्किल मौसम में फिल्म के आखिरी हिस्से को शूट कर रहे हैं। फिल्म का निर्देशन क्रिस्टोफर मैकक्वेरी ने किया है। इसकी स्क्रिप्ट उन्होंने एरिक जेंड्रेसन के साथ मिलकर लिखी है। फ

### टॉलीवुड

## 'हिट 3' का तीसरा गाना 'थानु' हुआ रिलीज रोमांस की जगह दिखा जबरदस्त एक्शन

नानी की फिल्म ३हिट 3३ एक हफ्ते बाद सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। सैलेश कोलानू के निर्देशन में बनी यह एक्शन थ्रिलर फिल्म नानी के करियर की सबसे हिंसक फिल्म मानी जा रही है। आज इस फिल्म का तीसरा गाना 'थानु' रिलीज किया गया है, जिसने फैंस के उत्साह को बढ़ा दिया है।



साउथ अभिनेता नानी की एक्शन ड्रामा फिल्म 'हिट 3 द थर्ड केस' 1 मई को रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म की रिलीज से पहले प्रशंसकों का उत्साह बनाए रखने के लिए फिल्म मेकर्स ने आज इसका तीसरा गाना 'थानु' रिलीज किया है। फिल्म 'हिट 3' में नानी के साथ केजीएफ फेम श्रीनिधि शेट्टी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का प्रमोशन जोर-शोर से चल रहा है। आज शाम, मेकर्स ने फिल्म का तीसरा गाना ३थानू३ रिलीज किया, जिसे अनिरुद्ध रविचंदर ने गाया है। इस गाने को राघव ने लिखा और संगीत मिकी जे मेयर ने तैयार किया है।


इस गाने के वीडियो में फिल्म के सीन नहीं हैं, क्योंकि इसमें कहानी के अहम हिस्से हैं। इसलिए, प्रमोशन के लिए एक अलग वर्जन शूट किया गया है। मेकर्स ने एसएस राजामौली को रविवार को हैदराबाद में होने वाले प्री-रिलीज इवेंट के लिए बुलाया है। 'हिट 3' ने सेंसर की औपचारिकताएं पहले ही पूरी कर ली हैं ताकि आखिरी समय में कोई परेशानी न हो।

'हिटः द थर्ड केस' एक तेलुगु -भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसे सैलेश कोलानू ने लिखा और निर्देशित किया है। यह फिल्म 'हिट' सीरीज की तीसरी किस्त है। इस फिल्म में नानी और श्रीनिधि शेट्टी के अलावा आदिल पाला, राव रमेश, ब्रह्माजी और मगंती श्रीनाथ अहम भूमिका में नजर आएंगे।

हिट 3 के गाने थानु को एक घंटे के अंदर यूट्यूब पर 67 हजार लोगों ने देखा है। इस फिल्म को लेकर कई नेटिजेंस अपनी राय भी व्यक्त कर रहे हैं।

### भोजपुरी

## मोनालिसा ने स्विमिंग पूल में 'हमें तो लूट लिया' पर किया दिलकश डांस



भोजपुरी क्वीन मोनालिसा अपनी अदाओं से सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं। बैकलेस टॉप में उनकी लेटेस्ट तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिनमें वह कातिलाना अंदाज दिखा रही हैं। इसके साथ ही, दीपिका पादुकोण के गाने पर उनका डांस भी खूब पसंद किया जा रहा है।

भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन मोनालिसा अपने लुक को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। सोशल मीडिया परअपने पोस्ट के जरिए वो अपने फैन्स का ध्यान खींचने में हमेशा कामयाब रहती हैं। कभी वह अपने बिकिनी लुक को लेकर चर्चाओं में रहती हैं, तो कभी अपने डांस से फैंस की नींदें चुरा लेती हैं। इस वक्त मोनालिसा की कुछ तस्वीरों के साथ उनका वो डांस भी चर्चा में है, जिसमें वो आमिर खान और सोनाली बेंद्रे के गाने 'इस दीवाने लड़के को' पर ठुमके लगाती दिख रही हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह बैकलेस टॉप में कातिल अदाएं दिखाती नजर आ रही हैं। उनकी ये फोटोज तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। अपनी तस्वीरों के साथ एक्ट्रेस ने एक गाने से खास लगाव की भी बात बताई है।

फोटोज में एक्ट्रेस बेबी पिंक कलर के बैकलेस टॉप में नजर आ रही हैं। पहली फोटो में वह अपना बैकलेस टॉप फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं और कैमरे की ओर देख रही हैं।

### बदलता मिस्त्र

लाइफ स्टाइल



टेमराज़ा मिस्त्र का ऐसा पहला ब्रांड है जिसने न्यूयॉर्क फैशन वीक में आधिकारिक तौर पर अपना कलेक्शन प्रदर्शित किया है। स्प्रिंग/समर' शो में कलेक्शन का एक पीस रेड कार्पेट पर सेलिब्रिटी ने पहना। जिसकी फैशन पत्रिकाओं में खूब चर्चा हुई। दरअसल, यह बदलते हुए मिस्त्र का प्रतीक है। यहां पुराना फैशन भी है और नया भी।

## देसी घी से बनाएं अपनी नाइट क्रीम, मिलेगा त्वचा की कई परेशानियों से भी छुटकारा

आप चाहें तो खूबसूरत और ग्लोइंग त्वचा पाने के लिए घी का इस्तेमाल कर सकते हैं। घी आपके चेहरे के दाग-धब्बे समेत कई परेशानियों को कम करने में सहायक है। अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो घी से इस्तेमाल से नाइट क्रीम तैयार करें। इसके लिए सबसे पहले एक बड़ा चम्मच घी लें। इसके बाद उसमें 2 से 3 बर्फ के टुकड़े डालकर चलाएं। घी में बार-बार पानी निकलेगा, उसे हटाते रहें। जब बर्फ पिघल जाए तो बचे हुए गाढ़े घी तो एक डिब्बी में बंद करके रख लें। ये आपके लिए नाइट क्रीम का काम करेगा। ये त्वचा को कोमल बनाए रखने में सहायक है।




### सनबर्न से मिलेगी राहत

अगर तेज धूप में आपकी त्वचा झुलस गई है, तो आप इस नाइट क्रीम का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस्तेमाल के लिए सबसे पहले अपने चेहरे को साफ करें और फिर इस घी से बनी क्रीम को चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा प्राकृतिक रूप से चमक उठेगी और आपको सनबर्न से भी राहत मिलेगी।

### दाग-धब्बों से मिलेगा छुटकारा

इस नाइट क्रीम के इस्तेमाल से आपको चेहरे के दाग-धब्बों से छुटकारा मिलेगा। इसमें कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो चेहरे के दाग कम करने में सहायक हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल सोने से पहले कर सकते हैं।

### रूखी त्वचा से मिलेगा छुटकारा

इस नाइट क्रीम के इस्तेमाल से आपको चेहरे की ड्राईनेस से छुटकारा मिलेगा। घी में पाए जाने वाले तत्व त्वचा को मुलायम बनाने में सहायक होते हैं। ऐसे में आप इसका इस्तेमाल हर रोज कर सकते हैं।

## दिखना हैं सबसे अलग तो अपनाएं चंदेरी सिल्क सूट

सूट कई सारे मौके पर पहनने के बेस्ट है लेकिन कई बार महिलाएं इस तरह का सूट पहनना चाहती हैं जिसमें वो स्टाइलिश और भीड़ से नजर आए। वहीं अगर आप भी कुछ नया ट्राई करने का सोच रही हैं तो आप इस तरह के लेटेस्ट डिजाइंस वाले चंदेरी सिल्क सूट वियर कर सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले चंदेरी सिल्क सूट दिखाएंगे जिन्हें आप कई सारे खास मौके पर वियर कर सकती हैं

### फ्लोरल चंदेरी सूट





इस दिनों फ्लोरल सूट काफी ट्रेंड हैं और इस तरह फ्लोरल चंदेरी सूट भी आप कई सारे खास मौके पर वियर कर सकती हैं। इस तरह सूट डिजाइन आपको जहां न्यू लुक देंगे तो वहीं इस तरह के सूट में भीड़ से भी अलग नजर आयेंगी। यह सूट फ्लोरल प्रिंट और सिल्क में है साथ ही ये राउंड नैकलाइन में आता है। इस तरह का सूट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों 1000 तक की कीमत में मिल जायेगा।इसे भी पढ़ें : वेडिंग फंक्शन में चाहती हैं स्टाइलिश लुक तो लेटेस्ट डिजाइंस वाले ये पटौदी सूट करें वियर

### गोटा पट्टी वर्क सूट

चंदेरी सूट में आप गोटा पट्टी वर्क में आता हैं। आर आप लाइट कलर चाहती हैं या हल्दी का फंक्शन अटेंड कर रही हैं तो आप इस तरह सूट वियर कर सकती हैं। येलो कलर का ये सूट गोटा पट्टी वर्क में है और इसका दुपट्टा कोटा सिल्क में है। वहीं इस तरह का सूट आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से खरीद सकती हैं। ये सूट आपको कई 1000 के रेंज तक मिल सकते हैं।

### थ्रेड एम्ब्रायडरी सूट

अगर आप सिंपल लुक चाहती हैं तो सी तरह का थ्रेड एम्ब्रायडरी वाला सूट वियर कर सकती हैं। पिंक कलर के यह सूट कट वर्क स्लेवीस के साथ आता है।

## जंपसूट के साथ अपनाइए ऐसे फुटवियर, लोग करेंगे तारीफ

इन दिनों जंपसूट काफी ट्रेंड में है और महिलाएं घूमने या किसी पार्टी के दौरान जंपसूट पहनना काफी पसंद करती हैं। जंपसूट एक परफेक्ट आउटफिट हैं जहां इस आउटफिट में आप काफी कंफर्टेबल रहती हैं तो स्टाइलिश लुक के लिए जंपसूट परफेक्ट ऑप्शन है लेकिन महिलाएं इस आउटफिट के साथ किसी तरह के फुटवियर पहने इस बात को लेकर काफी परेशान रहती हैं।

वहीं अगर आप इस बात को लेकर परेशान हैं कि जंपसूट के साथ किस तरह का फुटवियर पहने या कन्फ्यूज्ड हैं इस तरह के जंपसूट के साथ कौन से फुटवियर पहने तो इस आर्टिकल की मदद से आप



अपने आउटफिट के साथ एक परफेक्ट फुटवियर का चुनाव कर सकती हैं।

### स्ट्रैपी हील्स

अगर आप किसी पार्टी या दोस्तों के साथ घूमने जा रही हैं तो स्ट्रैपी हील्स वियर कर सकती हैं। इस तरह की हील्स जहां इस आउटफिट के साथ परफेक्ट रहेगी तो वहीं अगर आप डार्क कलर या ब्लैक कलर का आउटफिट पहन रही हैं तो आप इस रेड, ग्रीन, व्हाइट कलर की स्ट्रैपी हील्स पहन कटी हैं। ये स्ट्रैपी हील्स आपको आसानी से बाजार में मिल जाएँगी साथ ही ऑनलाइन भी आप इन स्ट्रैपी हील्स को खरीद सकती हैं।

### मीडियम हील्स सैंडल

अगर आपको हील्स पहनना पसंद हैं तो आप जंपसूट के साथ मीडियम हील्स सैंडल पहन सकती हैं। वहीं मीडियम हील्स सैंडल में लाइट कलर के सैंडल के चुनाव कर सकती हैं। अगर आप डार्क कलर का जंपसूट पहन रही हैं या फिर डार्क कलर का मीडियम हील्स सैंडल इन दोनों आउटफिट के साथ पहनने के लिए बेस्ट ऑप्शन है।

## चूड़ीदार पजामा सिलवाते समय इन बातों का रखें ध्यान, सूट का लुक नहीं होगा खराब

सलवार-सूट पहनना हम सभी पसंद करते हैं। वहीं बोरिंग और सिंपल सलवार की जगह हम कमीज के साथ में पजामी को पहनना पसंद करते हैं। पजामी में चूड़ीदार डिजाइन को सबसे ज्यादा पहना जाता है। वहीं इसे आप कई तरह से कस्टमाइज भी कर सकते हैं। अक्सर चूड़ीदार पजामी में हमें मनचाही फिटिंग नहीं मिल पाती है, जिसके कारण हमारा पूरा लुक बिगड़ सकता है। तो आइये आज हम आपको बताने वाले हैं चूड़ीदार पजामी सिल्वाने के आसान टिप्स और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान हैक्स-

**कैसे दें चूड़ीदार पजामी को परफेक्ट फिटिंग?**

चूड़ीदार पजामी को परफेक्ट लुक देने के लिए आप



इसके आसन को थोड़ा थोड़ा रखें। इसके अलावा बॉडी फिटेड पजामी बनवाने से बचें। पजामी में ज्यादा चूड़ी बनाना चाहती हैं तो इसकी लेंथ को अपनी हाइट से ज्यादा लंबा रखें। वहीं इसे पहनने से पहले आप पैरों में थैली को बांध लें और फिर चूड़ीदार पजामी को पहनें। परफेक्ट फिटिंग पाने के लिए आप इसे हल्का लूज ही बनवाएं। ऐसा करने से आपको उठने-बैठने में आरामदायक महसूस होगा।

**चूड़ीदार पजामी को फैंसी लुक कैसे दें?**

चूड़ीदार पजामी को स्टाइलिश लुक देने के लिए आप पोंचे में रफल डिजाइन बनवा सकती हैं। इसके अलावा आप पजामी के पोंचे में अलग-अलग तरह की लेस भी लगवा सकती हैं।

कार्नर न्यूज

**परफेक्ट लुक के लिए इन दिनों हाफ स्लीव्स शर्ट्स से बेहतर कुछ नहीं**

## गर्मी में हर फैशनेबल लड़के को पहननी चाहिए स्टाइलिश हाफ स्लीव्स शर्ट्स

हाफ स्लीव्स शर्ट्स गर्मी के दिनों के लिए ही बेहतर मानी जाती हैं। गर्मियों के फैशन ट्रेंड्स में भी हाफ शर्ट्स की डिमांड खूब दिख रही है क्योंकि इनको किसी भी बॉटम वियर के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं। लेकिन परफेक्ट लुक के लिए हाफ स्लीव्स शर्ट्स की गाइड पढ़नी जरूरी है। क्योंकि केवल हाफ शर्ट की करने से बात नहीं बनने वाली।

अधिकतर उम्रदराज पुरुषों इस तरह की शर्ट्स अपनाते है। इसलिए भी कई लड़के हाफ शर्ट पहनने से कतराते हैं। फिलहाल इस परेशानी को दूर करने के लिए आपको यहां पर कुछ स्टाइलिश हाफ स्लीव्स शर्ट्स की जानकारी दे रहे हैं।

### ट्राइब प्रिंटेड शर्ट्स

अगर हाफ स्लीव शर्ट्स स्टाइलिश और नॉर्मल से थोड़ी हटकर हो तो हर किसी का पहनने का मन करेगा। इस तरह के प्रिंट देखने में काफी मनमोहक लगते हैं।

### बैंड कॉलर शर्ट्स

शर्ट्स के कॉलर लुक को निखारने के काम करते हैं। इसलिए इस तरह की कॉलर स्टाइल वाली हाफ स्लीव शर्ट पहनें। इनको पहनते वक्त कॉलर बटन जरूर बंद करें।



### हाफ स्लीव प्रिंटेड शर्ट

वैसे तो प्रिंट में कई डिजाइन की शर्ट्स मिलेंगी लेकिन आप गर्मी के लिए इस तरह की हाफ स्लीव शर्ट्स ट्राय करें। इनका कलर और डिजाइन सुकून देने वाला है।

### मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट

मैप प्रिंट हाफ स्लीव शर्ट सामान्य शर्ट्स की तुलना में अच्छी दिखती हैं। इस स्टाइल की शर्ट्स को कहीं भी पहनकर जा सकते हैं।

### क्यूबन कॉलर शर्ट्स

क्यूबन कॉलर वाली शर्ट्स को पहनना बहुत कम लोग पसंद करते हैं। लेकिन जिन्हें गले और सीने के पास थोड़ा खुलापन चाहिए वे इस स्टाइल वाली शर्ट पहनते हैं।

### लीफ प्रिंट शर्ट्स

फ्लोरल और लीफ प्रिंट शर्ट्स में बहुत अधिक अंतर नहीं है। लेकिन आपको केवल पत्तों का प्रिंट चाहिए तो ये शर्ट सही रहेगी।

### स्ट्राइप्ड शर्ट

स्ट्राइप्ड शर्ट लंबे समय से हम पहनते आ रहे हैं। मगर यहां पर दी गई हाफ स्लीव शर्ट में थोड़ा नयापन दिख रहा है। इसलिए लेटेस्ट ट्रेंड को पसंद करने वालों के लिए ये सही है।



